बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 166 | बृहस्पतिवार 5 अक्टूबर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छैः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें

मो0 9868944025

लोन सुविधा उपलब्ध है

## इसे पश्चाताप नहीं मानेंगे; राहुल गांधी की सेवा पर भी नहीं पिघला एसजीपीसी, दादी और पिता की दिलाई याद

राहुल गांधी के स्वर्ण मंदिर जाकर मत्था टेकने और सेवा करने पर भी एसजीपीसी नहीं पिघला है और 1984 की याद दिलाकर हमला बोला है। एसीजीपीसी ने कहा कि राहुल ने अपनी दादी और पिता के बारे में कभी कुछ नहीं कहा।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जाने को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। पवित्र गुरुद्वारे में राहुल गांधी के लंगर खाने और सेवा करने का कई सिख स्कॉलर्स ने स्वागत किया है। लेकिन शीर्ष संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उनकी विजिट का विरोध किया है। एसजीपीसी के जनरल सेक्रेटरी हरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा, %राहुल गांधी की दादी ने अकाल तख्त पर हमला कराया था। उनके पिता ने दिल्ली में सिखों पर हुए अत्याचारों को यह कहते हुए सही ठहराया था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। किसी की भी तरफ से सिखों के जख्म सहलाने की कोशिश नहीं की गई। क्या हम उनकी विजिट को पश्चाताप मान सकते हैं?

उन्होंने पूछा, क्या राहुल गांधी उन कांग्रेस नेताओं पर कुछ कहेंगे, जो सिखों पर हुए हमलों में शामिल थे। वे अब भी कांग्रेस की बैठकों में शामिल होते हैं। अपने पिता के हत्यारे से मिलने के लिए प्रियंका गांधी जेल तक गई थीं। लेकिन वह कभी दिल्ली में जाकर विधवा कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं से नहीं मिलीं। ऐसा क्यों? इस तरह एसजीपीसी ने राहुल गांधी की विजिट पर राजनीतिक हमला बोला, लेकिन सिख समुदाय के कई स्कॉलर्स ने इसे गलत ठहराया। लेख अजमेर सिंह ने कहा कि कांग्रेस के साथ हमारे वैचारिक मतभेद रहे हैं। लेकिन यह सनक नहीं होनी चाहिए। यह मानवीय मसला है। शायद राहुल गांधी को उस बात पर अफसोस हो, जो किसी दौर में हुआ था।

अजमेर सिंह ने कहा कि एसजीपीसी को राहुल गांधी पर इस तरह अटैक नहीं करना चाहिए। यदि वह पॉलिटिकल विजिट पर आते तो बात अलग थी। वह तो एक श्रद्धालु के तौर पर आए थे और गुरु के दर पर सभी का स्वागत है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने तो भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी बुलाया था। जबकि उन्होंने अकाल तख्त पर हमला करने



की मांग की थी। बता दें कि राहुल गांधी गुरुद्वारे पहुंचे तो वहां महिलाओं के बीच बैठकर सब्जी काटी थी। इसके अलावा जोड़ा घर में जाकर भी सेवा की थी। राहुल गांधी के इस व्यवहार की काफी तारीफ भी की जा रही है।

यही नहीं अकाली दल के दिल्ली यूनिट के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने भी राहुल गांधी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मैं उनके सद्भाव का सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी को इस मामले में पहला बयान नहीं देना था। उन्होंने कहा कि सिखों के इतिहास से भी समझना चाहिए। जहांगीर ने गुरु अर्जन देव की हत्या कराई थी। लेकिन बाद में गुरु हरगोबिंद सिंह ने उसके साथ भी अच्छे रिश्ते रखे थे। यही नहीं किसी के पूर्वजों की गलतियों के लिए उसको ब्लेम करना भी सिखों की परंपरा नहीं रही है।

**उन्होंने पूछा, क्या राहुल गांधी उन कांग्रेस नेताओं पर कुछ कहेंगे, जो सिखों पर हुए हमलों में शामिल थे। वे अब भी कांग्रेस की बैठकों में शामिल होते हैं। अपने पिता के हत्यारे से मिलने के लिए प्रियंका गांधी जेल तक गई थीं। लेकिन वह कभी दिल्ली में जाकर विधवा कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं से नहीं मिलीं।**

### भाजपा ने बंगाल की आवाज को दबाने में सभी हदें पार की-ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, अब केंद्र सरकार बंगाल की आवाज को दबाने के लिए सभी हदें पार कर चुकी है। सुश्री बनर्जी ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया। उन्होंने कहा, सबसे पहले, निर्दयतापूर्वक बंगाल के गरीबों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि रोक दी और जब हमारा प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्वक विरोध करने और हमारे लोगों की दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए दिल्ली पहुंचा, तो उनके साथ पहले राजघाट पर और फिर कृषि भवन में क्रूरता की गई। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा की मजबूत भुजा के रूप में कार्य करते हुए दिल्ली पुलिस ने बेशर्मी से हमारे प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिन्हें जबरन हटा दिया गया और आम अपराधियों की तरह पुलिस वैन में ले जाया गया, क्योंकि उन्होंने सत्ता के सामने सच बोलने का साहस किया। सुश्री बनर्जी ने कहा, उनके अहंकार की कोई सीमा नहीं है और उनके अभिमान और अहंकार ने उन्हें अंधा कर दिया है।

### केन-बेतवा परियोजना स्वीकृत, बदलेगी बुंदेलखंड की तस्वीर-शिवराज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बताया कि केन-बेतवा परियोजना स्वीकृत हो गई है और इससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदल जाएगी। चौहान ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि विकास की दौड़ में बुंदेलखंड पिछड़ गया था। सरकार ने बहुत से काम किए, लेकिन पानी की जरूरत थी। केन-बेतवा परियोजना स्वीकृत हो चुकी है। ये बुंदेलखंड की तकदीर और जनता की तस्वीर बदलने का काम करेगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इससे 10 लाख 62 हज़ार हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा।

## आगामी चुनावों में हार की आशंका से बौखलाए मोदी-गोपाल राय

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आने वाले चुनावों में हार मिलने वाली है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बौखलाहट में संजय सिंह के घर छापेमारी करवा रहे हैं।

श्री गोपाल राय ने आज कहा कि संजय सिंह के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी इसलिए हो रही है कि इस देश के हर सर्वे में बताया जा रहा है कि आगामी चुनावों में भाजपा हार रही है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी इसी बौखलाहट में कार्रवाई करवा रहे है।

उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में इस मामले को लेकर एक हज़ार जगहों पर छापेमारी की गई। ईडी और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बहुत लोगों को गिरफ़्तार किया और उनको प्रताड़ित किया लेकिन आजतक किसी के पास से एक चवन्नी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि संजय सिंह के घर से भी कुछ नहीं मिलने वाला है।

आप नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर कहा कि यह ऐसा काल्पनिक घोटाला है जिसमें पिछले 15 महीने से छान-बीन चल रही है। कम से कम एक हज़ार जगहों पर ईडी और सीबीआई छापेमारी कर चुकी है लेकिन कहीं से भी एक रुपया बरामद नहीं हुआ। संजय सिंह के घर से भी कुछ नहीं मिलने वाला है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ़ और सिर्फ़ चुनाव हार रही यह उसी की हताशा है। प्रधानमंत्री की कोशिश है कि किसी भी तरह फिर से प्रधानमंत्री बन जाये लेकिन आम आदमी पार्टी सवाल पूछती रहेगी।

ग़ौरतलब है कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की टीम संजय सिंह के आवास पर सुबह पहुंची थी।

## बिहार के बाद एक और राज्य में ओबीसी सब पर भारी, जाति सर्वे में आया इतना आंकड़ा

### 10 साल में बड़ा इजाफा

**भुवनेश्वर।** बिहार के बाद अब ओडिशा में जातिगत सर्वे के आंकड़े सामने आए हैं। इस सर्वे के मुताबिक राज्य में ओबीसी वर्ग की आबादी 46 फीसदी है, जो राज्य का सबसे बड़ा सामाजिक समूह है। यही नहीं ओबीसी वर्ग की आबादी में बड़ा इजाफा भी दर्ज किया गया है क्योंकि 2011 की जनगणना में इनकी आबादी 43 फीसदी ही थी। ओडिशा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक सूबे में 208 पिछड़ी जातियां हैं। इन्हें आजीविका, इन्फ्रास्ट्रक्चर, घर जैसी सुविधााओं के आधार पर पिछड़े वर्ग में रखा गया है। आयोग की सदस्य मिताली चिनारा ने कहा कि यह सर्वे जुलाई में हुआ था। इसमें पाया गया है कि राज्य की 46 फीसदी आबादी यानी 1.95 करोड़ लोग पिछड़े वर्ग में आते हैं। उन्होंने कहा, हमने यह रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। अब राज्य सरकार इस रिपोर्ट के प्रकाशन पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि 2021 की जनगणना अभी नहीं हुई है। हमारा अनुमान है कि राज्य की आबादी 4.8 करोड़ है और उसके अनुपात में ही ओबीसी की आबादी



1.95 करोड़ है। राज्य के एससी, एसटी और ओबीसी विभाग ने इस मामले पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। ओडिशा देश का 5वां राज्य बन गया है, जिसने ओबीसी की आबादी का पता लगाने के लिए कास्ट सर्वे कराया है। इससे पहले बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा में ऐसा सर्वे हो चुका है। दो दिन पहले ही बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए हैं, जिसके मुताबिक सूबे में अत्यंत पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग की आबादी कुल मिलाकर 63 फीसदी है। यह वर्ग राज्य की दो तिहाई आबादी के करीब है। दूसरे नंबर पर अनुसूचित जनजाति है, जिसकी संख्या 19 फीसदी है। मुसलमान 17 पर्सेंट है और सवर्णों की आबादी 15 फीसदी पाई गई है। ओडिशा में भले ही ओबीसी समुदाय की आबादी लगभग आधी है, लेकिन यहां बिहार, यूपी, राजस्थान और कर्नाटक की तरह कभी ओबीसी फैक्टर की राजनीति नहीं हुई। इस राज्य में ओबीसी की बजाय 24 फीसदी आदिवासी और 17 फीसदी दलित के इर्द-गिर्द राजनीति घूमती रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा के तेजी से उभार के डर से नवीन पटनायक सरकार ने ओबीसी सर्वे का कार्ड खेला है। इसके जरिए वह सोशल इंजीनियरिंग का प्रयास कर सकते हैं।

## ओबीसी कोटा को खतरे में डाले बिना मराठों को आरक्षण दें-तटकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजित पवार गुट) के अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण पर उनकी पार्टी की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खतरे में डाले बिना मराठों को आरक्षण दिया जाना चाहिए।

श्री तटकरे ने कहा कि वह सरकार से बिहार की तर्ज पर जातिवार जनगणना कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मराठा समुदाय के सदस्य केवल आज ही आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। वास्तव में, आज सभी समुदाय आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा



कि आज एक अलग स्थिति में महाराष्ट्र में आरक्षण को लेकर एक तरह के असंतोष की तस्वीर बन रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कुल मिलाकर माहौल यह है कि उन्हें आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन किसी और के हिस्से से नहीं। श्री तटकरे ने कहा, आज, हम श्री अजीत पवार के नेतृत्व में काम कर रहे हैं और चुनाव आयोग उनके द्वारा उठाए गए रुख से 100 प्रतिशत सहमत होगा।

## सिक्किम में बादल फटने के कारण भारी तबाही, बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता; सर्च ऑपरेशन जारी

**गुवाहाटी।** सिक्किम में ल्होनक झील पर अचानक बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई जिससे सेना के 23 जवान बह गए और उनका शिविर व वाहन डूब गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अचानक बाढ़ आने और एक बांध से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति और बिगड़ गयी। बाढ़ मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे आई। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि घाटी में कई प्रतिष्ठान बाढ़ की चपेट में आए हैं तथा नुकसान के संबंध में अभी और जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण झील में जलस्तर अचानक 15 से 20 फुट तक बढ़ गया। अधिकारियों के मुताबिक, इससे सिंगताम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन डूब गए। उन्होंने बताया कि सेना के 23 जवानों के लापता होने की खबर है और 41 वाहन कीचड़ में डूबे हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, तलाश



एवं बचाव अभियान जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि तीस्ता नदी में जल स्तर अचानक बढ़ने के बाद मंगलवार देर रात उत्तरी सिक्किम में कम से कम छह पुल बह गए। उन्होंने यह भी कहा कि तीस्ता नदी में जलस्तर अचानक बढ़ने की खबर मिलते ही अलर्ट जारी कर दिया गया और नदी के किनारे निचले इलाकों को खाली कराना शुरू कर दिया गया।

गंगटोक में भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, जब किसी छोटे क्षेत्र में लगभग एक घंटे में 100 मिमी से अधिक बारिश होती है, तो इसे बादल फटना कहा जाता है। अधिकारियों ने कहा कि वे यह भी सत्यापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या यह बादल फटना था या पहाड़ों के ऊपरी हिस्से में हिमनद झील का फटना था, जिसके कारण नदी में जल स्तर अचानक बढ़ गया। इस बीच झारखंड पर कम दबाव और संबंधित चक्रवाती परिसंचरण के कारण पश्चिम बंगाल में भी भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार तक पूर्वी राज्य में बारिश की गतिविधि बढ़ने का अनुमान लगाया है।

पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा है कि भारी बारिश के कारण बीरभूम, बांकुरा, पश्चिम बर्दवान, पूर्वी बर्दवान, पश्चिम मिदनापुर, हुगली और हावड़ा सहित कम से कम सात जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की।

## लैंड फॉर जॉब घोटाले में लालू परिवार को राहत; तेजस्वी, राबड़ी, मीसा समेत सभी आरोपियों को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाले (लैंड फॉर जॉब केस) में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर सुनवाई करते हुए सभी आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और सांसद मीसा भारती को जमानत दे दी है। इस केस की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

लालू, राबड़ी, तेजस्वी और मीसा भारती समेत लैंड फॉर जॉब केस के सभी 17 आरोपी बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर सभी को पिछले महीने समन किया था। सभी आरोपियों ने कोर्ट में बुधवार को जमानत की अर्जी दी। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके



पर उन्हें जमानत देने का फैसला सुनाया। साथ ही 16 अक्टूबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की गई है। बताया जा रहा है कि इस दिन से केस का ट्रायल शुरू किया जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीआई की ओर से कोर्ट में दलील दी गई की उसके पास आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत और गवाह हैं। हालांकि अदालत ने कहा कि अभी आरोपियों की जमानत अर्जी रद्द करने का कोई औचित्य नहीं बनता है। बता दें कि सीबीआई ने बीते 3 जुलाई को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी, जिसमें डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया गया था।

जमीन के बदले नौकरी देने का कथित घोटाला साल 2004 से 2009 के बीच का है। यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में लालू यादव रेल मंत्री थे। आरोप हैं कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में कुछ लोगों को नियमों की अनदेखी कर फर्जी तरीके से नौकरी दी गई थी। इसके बदले में लालू परिवार के सदस्यों के नाम पर पर बहुत ही कम दाम में बेशकीमती जमीनें लिखवाई गईं। सीबीआई ने 2021 में इस केस की जांच शुरू की थी।

पिछले साल जुलाई में लालू के ओएसडी रहे भोला यादव को जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। फिर अक्टूबर 2022 में पहली चार्जशीट दायर की गई, जिसमें लालू, राबड़ी, मीसा भारती समेत अन्य को आरोपी बनाया गया। इस साल मार्च महीने में सीबीआई ने लालू परिवार और उनके करीबियों के ठिकानों पर रेड भी मारी। ईडी भी इस केस के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही है।

# अग्निपरीक्षा का दौर : मोदी मैजिक और विधानसभा चुनाव....?

**ओम प्रकाश मेहता**

**मौजूदा हालातो में इसीलिए यह सवाल उठाए जा रहा है कि क्या विधानसभा चुनावों में भी मोदी मैजिक काम करेगा या नहीं? क्योंकि मोदी पर भरोसा करके चुनावी राज्यों के नेता भी बेफिक्र और निष्क्रिय होकर समय का रुख देख रहे हैं, अब यह परिदृश्य सत्तारूढ़ भाजपा के लिए कितना आशाप्रद सिद्ध हो होगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु हाल ही में संपन्न कुछ चुनावों के परिणाम यह आवश्यक संकेत दे रहे हैं कि मोदी के मैजिक का असर अब दिनों-दिन काम हो रहा है और क्योंकि विधानसभाओं व लोकसभा चुनावों में बहुत ही थोड़ा समय शेष बचा है, इसीलिए भावी चुनाव परिणामों को लेकर आशंकाएं बढ़ती ही जा रही है।**

देश की राजनीति में इन दिनों अग्नि परीक्षा का दौर शुरू हो गया है, देश के पांच प्रमुख राज्यों में लोकसभा चुनावों से पहले विधानसभा चुनाव होंगे, जिनके परिणाम लोकसभा चुनावों के परिणामों की झलक प्रस्तुत करेंगे, इस बार जहां देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी को अपने नेता नरेंद्र भाई मोदी के मैजिक पर पूरा भरोसा है, वहीं प्रतिपक्षी कांग्रेस को भारतीय राजनीति की उस परंपरा पर भरोसा है, जिसमें सत्ता के लिए एक दशक की अवधि लगभग निश्चित हो गई, जिसके तहत कांग्रेस के डॉक्टर मनमोहन सिंह 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे और अब मौजूदा प्रधानमंत्री जी के शासन का दसवां साल चल रहा है और पांच राज्यों की विधानसभाओं के बाद लोकसभा चुनाव सामने है, अब इस संक्रमण व चुनौतीपूर्ण दौर में कौन मीर सिद्ध होता है? यही आज की मुख्य चिंता भरा प्रश्न है?

भारतीय जनता पार्टी का जहां तक सवाल है उसकी आस्था, विश्वास और भविष्य सिर्फ और सिर्फ मोदी पर केंद्रित है, जबकि प्रतिपक्षी दलों के संगठन इंडिया को अपनी एकता पर। अब चुनाव तक यह इंडिया एकजुट रह पाता है या नहीं? इस पर भी राजनीति जारी है।

यदि हम आजादी के बाद के इतिहास को उठाकर देखें तो आजादी के बाद करीब 17-17 साल जवाहरलाल और उनकी बेटी इंदिरा जी प्रधानमंत्री रहे, इनके बाद राजीव जी ने सत्ता संभाली और उसके बाद करीब एक दशक कांग्रेस सत्ता से बाहर रही और 2004 में पुन कांग्रेस के श्री मनमोहन सिंह जी एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे और उनके बाद एक दशक नरेंद्र भाई मोदी पूरा करने जा रहे हैं और इसी माह के अंत या अगले माह के प्रारंभ में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद अगले वर्ष के प्रारंभ में लोकसभा के चुनाव होंगे।



आज की राजनीति का इसलिए सबसे अहम सवाल यही है कि क्या मोदी जी का मैजिक (जादू) पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों पर भी चल पाएगा? क्योंकि लोकसभा चुनाव के चंद दिनों पहले ही यह चुनाव होने जा रहे हैं, इसीलिए इन विधानसभाओं के चुनाव परिणाम लोकसभा चुनाव परिणामों के संकेत तो होंगे ही और इनके परिणामों से भारत का भावी राजनीतिक भविष्य भी तय हो जाएगा। यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि मोदी मैजिक का असर राज्यों में भी विद्यमान है या खत्म हो गया? क्योंकि अब वह पुरानी धारणा राजनीति में प्रामाणिक नहीं रही की पंचायत के चुनाव गांवों पर, विधानसभा चुनाव विधानसभा क्षेत्रों और लोकसभा चुनाव देश की राजनीतिक हालातो पर निर्भर रहते हैं, अब तो पंचायत चुनाव भी देश के राजनीतिक भविष्य के आधार पर लड़े जाने लगे हैं और मतदाताओं की भी राजनीतिक सोच का भी विस्तार हो चुका है।


अब मौजूदा हालातो में इसीलिए यह सवाल उठाए जा रहा है कि क्या विधानसभा चुनावों में भी मोदी मैजिक काम करेगा या नहीं? क्योंकि मोदी पर भरोसा करके चुनावी राज्यों के नेता भी बेफिक्र और निष्क्रिय होकर समय का रुख देख रहे हैं, अब यह परिदृश्य सत्तारूढ़ भाजपा के लिए कितना आशाप्रद सिद्ध हो होगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु हाल ही में संपन्न कुछ चुनावों के परिणाम यह आवश्यक संकेत दे रहे हैं कि मोदी के मैजिक का असर अब दिनों-दिन काम हो रहा है और क्योंकि विधानसभाओं व लोकसभा चुनावों में बहुत ही थोड़ा समय शेष बचा है, इसीलिए भावी चुनाव परिणामों को लेकर आशंकाएं बढ़ती ही जा रही है।

लेकिन यह भी तय है कि यह राज्य विधानसभाओं के चुनाव देश के साथ कई राजनीतिक दलों को परिणाम के आईने में उनका चेहरा दिखाने में भी सफल सिद्ध होंगे। इन पांच राज्यों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान इस दिशा में अति महत्वपूर्ण दायित्व निभाने वाले हैं, क्योंकि इन तीन राज्यों में से मध्य प्रदेश को छोड़ शेष दो राज्यों में कांग्रेस की सरकार हैं, इसीलिए यह तीनों हिंदी भाषी राज्य देश में कांग्रेस का भविष्य भी तय करने वाले हैं, इन्हीं सब संकेतों के आधार पर इन तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के प्रचार-प्रसार की कमान स्वयं मोदी जी ने अपने हाथों में थाम ली है और उनका विधिवत चुनाव प्रचार अभियान शुरू भी हो गया है। मोदी जी को इस अभियान में अमित शाह का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा देश के दोनों सर्वोच्च नेताओं ने अपने इस अभियान को अपनी पहली प्राथमिकता मान लिया है और इसी में जुट गए हैं, यदि उनके प्रयास सफल हो जाते हैं और तीनों हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा की सरकारें कायम हो जाती है, तो फिर लोकसभा चुनाव में मोदी राज पर मोहर लग जाएगी, इसी पर आज देश की राजनीति आधारित हो गई है और इसी से देश का अगला राजनीतिक भविष्य भी तय होना है, कांग्रेस भी इसीलिए जागृत व सजक होने का प्रयास कर रही है।

## संपादकीय

# सावधानी की जरूरत

अंतत: बिहार की नीतीश सरकार ने अपना बहुचर्चित जाति सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर दिए। इन आंकड़ों के अनुसार, राज्य की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है, जिसमें से अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसद सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है। इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग 27.13 फीसद है। यानी दोनों की कुल हिस्सेदारी 63 फीसद है। अनारक्षित श्रेणी से संबंधित लोगों की आबादी 15.52 फीसद है। अब बिहार सरकार इन आंकड़ों से समाज के जो कमजोर जाति वर्ग के लोग हैं, उनको ध्यान में रखकर उनके हित की योजनाएं बनायी जा सकेंगी। इस जाति गणना की जो सैद्धांतिकी रही है वह यह है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी भागीदारी। सुनने में तो यह मधुर वाक्य प्रतीत होता है, लेकिन इसके क्रियान्वयन की कल्पना करते ही जाति संघर्ष के अनेकानेक अप्रिय दृश्य बनने लगते हैं। बहरहाल, यह माना जाए कि बिहार में हुई जाति जनगणना की यह शुरुआत भविष्य में आर्थिक और सामाजिक रूप से अति पिछड़े वर्ग को वांछित शक्ति प्रदान करने में मिलेगी तथा आर्थिक विषमता रहित सामाजिक समानता के न्याय की अवधारणा पूरी होगी तो यह बहुत ही शुभ बात होगी, लेकिन अभी यह सिर्फ



कल्पना ही है। लेकिन इस घटना ने दो स्थितियां निर्णायक तौर पर स्पष्ट कर दी है। पहली यह कि डॉ. अम्बेडकर ने जिस जातिविहीन समाज का सपना देखा था और एक सीमा के बाद आरक्षण की समाप्ति पर समरस समाज की कल्पना की थी, वह हाल फिलहाल ध्वस्त हो गई है। यानी जातिविहीन समाज का सिद्धांत पूरी तरह पराजित हो गया है। इसका दूसरा बिन्दु मौजूदा टकरावों की स्थापना को लेकर संभावित जातीय टकरावों का है, जो इसके शुभ परिणाम देख रहे हैं, वे जातिगत राजनीति के वर्तमान में उभर कर आए व्यावहारिक पहलू को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं। इसका अगला महत्त्वपूर्ण पहलू प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया में सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि जाति जनगणना का यह शिगूफा हिन्दुओं को विभाजित करके भारत को कमजोर करना है। मोदी के सामने सबसे बड़ी समस्या यह खड़ी होगी कि वे सनातन की चादर तले पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों को साधने और एकजुट करने का जो प्रयास कर रहे हैं उसमें बाधा पहुंचेगी। बहरहाल, जाति जनगणना की यह शुरुआत, अगर ठीक से नहीं संभाला गया तो भविष्य के जातीय संघर्ष के रूप में बहुत घातक सिद्ध हो सकती है।

## चिंतन-मनन


# गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा।

जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है।

अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

# बिहार की जाति जनगणना सार्वजनिक होने के बाद मचा बवाल



सनत जैन

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2 अक्टूबर को जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए हैं। जाति जनगणना में बिहार की 63 फीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की है। इसमें 36 फीसदी अति पिछडी और 27फीसदी पिछड़ी जातियां हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा आबादी 17.7 फीसदी यादव समाज की है। अनुसूचित जातियों की आबादी 19.65 फीसदी है। स्वर्ण जाति की आबादी 15.52 फीसदी है। इसमें स्वर्ण हिंदुओं की आबादी मात्र 10 फीसदी है। बिहार सरकार द्वारा जैसे ही जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए गए। उसके बाद से देश भर में इसके पक्ष और विपक्ष में तरह-तरह की बातें सामने आने लगी। जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के तुरंत बाद आबादी के अनुपात के अनुसार आरक्षण बढ़ाने की मांग शुरू हो गई। लालू प्रसाद यादव ने भी सोशल मीडिया पर लिखा,कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए। जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने विशेष कर बिहार के नेताओं ने कहा कि जाति जनगणना के लिए उन्होंने भी अपनी सहमति दी थी। लेकिन जनसंख्या के आधार पर आरक्षण को लेकर, बिहार के भाजपा



नेताओं की राय अलग-अलग थी। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की राय भी बिहार के भाजपा नेताओं की राय से अलग थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस कह रही है की आबादी तय करेगी, पहला हक किसका होगा। कांग्रेस को ढाल बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कह दिया। कांग्रेस अल्प संख्यकों का कोटा खत्म करना चाहती है। अगर आबादी के हिसाब से आरक्षण होगा, तो अल्पसंख्यकों को भारी नुकसान होगा। हिंदू आबादी भारत में सबसे ज्यादा है, तो सारे लाभ क्या हिंदुओं को मिलेंगे। यह कहकर उन्होंने मुस्लिम और इसी जातियों को छोड़कर शेष सभी जातियों को हिंदू बताकर एक तरह से आरक्षण को लेकर अपनी राय स्पष्ट कर दी है। जाति जनगणना की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने के पक्ष में भाजपा नहीं है। धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर हिंदुत्व का जो ध्रुवीकरण हुआ है वह भाजपा के पक्ष में है। उसे इंडिया गठबंधन के सभी दल मिलकर खंड-खंड करना चाहते हैं। जिसके कारण भाजपा बचाव की मुद्रा में है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नवंबर माह में होने वाले हैं। लोकसभा के चुनाव भी 6 माह बाद होने हैं। ऐसी स्थिति में जातीय जनसंख्या के आंकड़े का जो पिटारा बिहार से खुला है। वह आगामी चुनावों को निश्चित रूप से प्रभावित करेगा। इसे मंडल और कमंडल के बीच की जंग भी माना जा रहा है। जाति आधारित राजनीति मंडल कमीशन के बाद 1990 के दशक में शुरू हुई थी। 1990 में ही कमंडल की राजनीति राम मंदिर के नाम पर शुरू हुई थी। राम मंदिर का मुद्दा धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ था। राम मंदिर को लेकर हिंदुत्व का ध्रुवीकरण कर चुनावी लाभ, भारतीय जनता पार्टी ने पिछले कई चुनाव में उठा लिया है। जाति जनगणना बिहार में हुई है। उसके बाद सभी गैर भाजपाई दलों में जनसंख्या के आधार पर हिंदुओं को विभक्त करने की नई प्रतिक्रिया शुरू हुई है। अभी तक मुस्लिम और ईसाइयों को धार्मिक आधार पर हिंदू नहीं माना जाता था। जैन, बौद्ध,सिख सभी को हिंदू आबादी का अंग मानलिया गया था। धार्मिक आधार पर ही इनका धुर्वीकरण होता था। भारत में मयार्दा पुरुषोत्तम राजा राम सामाजिक व्यवस्था में सभी वर्गों के लिए स्वीकार्य थे। राम मंदिर आंदोलन में सभी जाति वर्ग के लोगों की आस्था रामराज पर थी। जातीय जनगणना के आधार पर अब हिंदुओं को विभक्त करने की गैर भाजपाई दलों की सुनियोजित रणनीति है। सनातन और हिंदुओं के नाम पर एक नया जातीय और धार्मिक ध्रुवीकरण किए जाने के प्रयास, पक्ष और विपक्ष में शुरू हो गए हैं। आने वाले चुनाव में निश्चित रूप से इसका असर चुनाव परिणाम में देखने को मिलेगा। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमला बोला है। उससे स्पष्ट है, कि आगामी चुनाव में जाति जनगणना का यह मामला भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के बीच वोटो के बंटवारे के रूप में नया धुर्वीकरण होने जा रहा है। आरक्षण को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच में एक नई जंग छिड़ चुकी है। इसके परिणाम किस तरह के होंगे। इसको लेकर तरह-तरह की अटकलें लगना शुरू हो गई हैं।

# मालदीव : भारत के साथ संतुलित संबंध जरूरी



डॉ. नवीन कुमार मिश्र

मालदीव के चुनाव परिणाम में जनता ने इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की जगह राष्ट्रपति पद के लिए मोहम्मद मुइज्जू को अपना नया नेता चुना है, जो 46 प्रतिशत के मुकाबले 54 प्रतिशत मत पाकर जीत गए, जबकि सोहिल वर्ष 2018 में भारी बहुमत से जीत हासिल कर सत्ता में काबिज हुए थे।

सोलिह की चुनावी हार के लिए सत्ता विरोधी लहर, कोविड-19 के बाद पर्यटन पर निर्भर अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता, अपनी पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ मालदीव (एमडीपी) के भीतर ही पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद के साथ कलह के अलावा मालदीव की प्रोग्रेसिव पार्टी (पीपीएम) द्वारा भारत को लेकर उठाए गए संप्रभुता से जुड़े मुद्दे को जिम्मेदार माना जा रहा है।

पीपीएम ने भारतीय सैन्य कर्मियों को मालदीव से बाहर करने के लिए इंडिया आउट को प्रमुख मुद्दा बनाया, जिसके मुख्य सूत्रधार अब्दुल्ला यामीन 11 वर्ष की जेल की सजा काट रहे हैं। वर्ष 2013 से 2018 के अपने कार्यकाल के दौरान उनकी छविश्व खुले तौर पर भारत विरोध की थी। मुक्त व्यापार समझौते और बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं के लिए मालदीव चीन के कर्ज-जाल में फंस गया, परंतु वर्ष 2018 में सत्ता में आते ही इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने ह्यइंडिया फर्स्टह्न की नीति अपनाते हुए मालदीव की अंतरराष्ट्रीय नीतियों में बदलाव किए।

भारत ने वहां बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई परियोजनाएं शुरू कीं, कोविड महामारी के दौरान मालदीव की



सहायता की और मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद को 2021 और 2022 के बीच 76वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा का अध्यक्ष चुने जाने के अभियान में मदद भी की। राष्ट्रपति चुनाव को भारत बनाम चीन की प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा गया तथा इस चुनावी नतीजे में चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू की जीत ने मालदीव को वैश्विक सुर्खियों में ला दिया है, जिसको भारत के लिए एक खतरे की घंटी के रूप में चित्रित करने की कोशिश की गई है।

मालदीव के साथ भारत के गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध सदियों पुराने हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने तीन जून 2023 के एक दस्तावेज की घोषणा में कहा है कि मालदीव में भारत की एक प्रमुख स्थिति है, जिसमें लगभग अधिकांश क्षेत्रों में संबंध हैं। हिंद महासागर में मालदीव की अवस्थिति रणनीतिक रूप से बेहद अहम है।

समुद्री व्यापारिक मागरे से इसकी निकटता और चीन के विस्तारवादी मंसूबों के कारण मालदीव भू-राजनीति के केंद्र में रहा है। सुरक्षा कारणों से मालदीव भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है, इसलिए अपने सुरक्षा हितों का ख्याल रखते हुए गत दस वर्षो में भारत ने मालदीव को दो हेलीकॉप्टर और एक छोटा विमान दिया है। वर्ष 2021 में मालदीव डिफेंस फोर्स ने बताया कि भारत के 75 सैन्य अधिकारी मालदीव में रहते हैं और भारतीय एयरक्राफ्ट का संचालन और रखरखाव करते हैं।

भारत ने मालदीव में बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा वर्षो से मालदीव के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य व विभिन्न क्षेत्रों में अनिगनत अवसर भी प्रदान किया है। भारत अपने सैन्य अकादमियों में मालदीव के सुरक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षित भी करता है। अब्दुल्लाह यामीन के कार्यकाल के दौरान मालदीव चीन के करीब चला गया था और शी जिनिपंग की ह्यबेल्ट एंड रोड इनिशिएटिवह्न का हिस्सा भी बन गया। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के नाम पर मालदीव चीन से लगभग एक बिलियन डॉलर का कर्ज ले चुका है।

यहां तक की माले को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाला पुल भी चीन के निवेश से बना है। वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप मात्र 40 लाख डॉलर में 50 वर्षो के लिए लीज पर दे दिया। विश्व भर से चीनी ऋण जाल के कई उदाहरण सामने आए हैं। मालदीव के पड़ोस में श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह को चीन ने जिस तरह से कब्जे में ले लिया, वह उसकी रणनीति का हिस्सा है। चीन ने निरंतर हिंद महासागर में अतिक्रमण करने का प्रयास किया है, जिससे भारत की उपस्थिति को सीमित किया जा सके।

खाड़ी के देशों से चीन का तेल यहीं से होकर गुजरता है, इसलिए चीन इसे सुरक्षित करने के लिए मालदीव में अपनी नौसेना की पहुंच बनाना चाहता है, जिससे ग्वादर के बाद हिंद महासागर में उसके पास दूसरा अड्डा हो जाएगा। भारत हमेशा से मालदीव में चीन के विस्तारवादी प्रभाव को सीमित करने के प्रयास करता रहा है तथा मालदीव में अपनी मौजूदगी बनाकर हिंद महासागर के बड़े हिस्से पर निगरानी भी करता है। मालदीव में चीन समर्थक मुइज्जू की जीत से निश्चित ही चीन को फायदा हो सकता है, लेकिन वहां भारत का प्रभाव तुरंत कम नहीं होगा।

मौजूदा स्थिति में मालदीव के द्वारा भारत और चीन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करने की ही स्थिति दिख रही है, परंतु भारत और मालदीव के करीबी रिश्तों को बनाए रखने की जिम्मेदारी मुइज्जू के हाथ में है। हालांकि उन्होंने स्वयं से पार्टी की तरह भारत की आलोचना नहीं की है।

उनके पास चीन के ऋण जाल से मुक्त होने के साथ ही मालदीव की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की चुनौती खड़ी है। चीन द्वारा श्रीलंका के आर्थिक संकट में फंसने जैसी पड़ोस की घटनाओं से सबक लेकर मालदीव के लिए अपने निकटतम व सबसे शक्तिशाली पड़ोसी भारत के साथ पारंपरिक एवं रणनीतिक हितों को संतुलित कर आगे बढ़ना ही श्रेयस्कर होगा।

# आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाबः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कियाः आर्य समाज के आंदोलनों ने दिए अनेक क्रांतिकारी









**संवाददाता**

**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरूआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था। सीएम योगी ने बुधवार को होटल बालाजी में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा को संस्कारों और आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य आर्य समाज के संस्थापक महर्षी दयानंद सरस्वती ने किया था। उन्होंने कहा कि डीएवी को एक समय देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में से एक माना जाता था, जहां पर वैदिक प्रार्थना और हवन यज्ञ के साथ दिन की शुरूआत होती थी। सीएम योगी ने कहा कि युग प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ पूरा भारत जुड़ रहा है और उन्हें नमन कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। उन्होंने आर्य समाज के उस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जो देश और हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान हमें अपने युवाओं के प्रेरित करना है कि वह आर्य समाज के कार्यों पर शोध करें। इससे हमारी वर्तमान पीढ़ी आर्य समाज के योगदान के बारे में जान पाएगी। कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा बस्ती के प्रधान ओम प्रकाश आर्य, महामंत्री दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा विनय आर्य समेत

## भाजपा जिलाध्यक्ष का साखोपार में हुआ भव्य स्वागत



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भाजपा के नवमानोनित जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय का आज साखोपार स्थित अभय प्रताप नारायण सिंह के कैंप कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। कैंप कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में श्रमिक पंजीयन अंशदान एवं नवीनीकरण समिति के अध्यक्ष व बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह ने माल्यार्पण करने के पश्चात साफा बांध कर अध्यक्ष का स्वागत किया, ढोल नगाड़े के बीच साखोपार न्याय पंचायत के समस्त ग्राम प्रधान और प्रबुद्ध लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा मोदी योगी के गगन भेदी नारे भी लगे। इस अवसर पर रमाशंकर तिवारी, विजय तिवारी, कुशल प्रताप नारायण सिंह, शैलेश प्रताप नारायण सिंह, प्रदीप राय, पियूष प्रताप नारायण सिंह, संजय कुमार सिंह, झुनेंद्र सिंह, मस्तराज शर्मा, एस के सिंह, संतोष सिंह, रूदल यादव, फूलबदन प्रसाद, चंदन शर्मा, फारूक अंसारी छोटे, शम्स तबरेज बिट्ठु, शंभू गिरी, हरेंद्र नाथ पांडे, सत्यम शुक्ला, चंद्र प्रकाश दुबे, सूरज यादव, राजू सिंह, कादिर अंसारी, रमेश पांडे, जयराम प्रसाद, त्रिपुरेश सिंह, सत्यम सिंह, विशाल सिंह, शशांक सिंह, मणि कंचन चौबे, कमला दुबे, शिवम प्रताप सिंह, सुंदरम सिंह, पुजेश जायसवाल, दुर्गा वर्मा , टप्पू सिंह, भुवनेश प्रताप सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 75 मरीजों के आंखों की हुई जांच



**न्यूज स्पीक्स**

**कसया, कुशीनगर।** राज कोकिल सेवा संस्थान और राज आई केयर के तत्वावधान में कसया तहसील के ग्राम बटेसरा में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में डा0 आलोक उपाध्याय ने 75 मरीजों के आंख की निःशुल्क जांच अत्याधुनिक मशीनों से की। आंख के चिकित्सक डा0 आलोक ने महिला - पुरुषों व बच्चों के आंखों की जांच की और उन्हें उचित सलाह दी तथा दवा दी। डॉ श्री उपाध्याय ने कहा कि आंखों में खुजली या छोटी दिक्कत आने पर अक्सर लोग घर पर रखी दवा डाल लेते हैं या फिर डाक्टर से बिना पूछे बाजार से आई ड्राप ले आते हैं। यदि उससे अराम मिल गया तो मरीज उसी दवा का इस्तेमाल करता रहता है। उसके बाद जब भी उसे कोई दिक्कत आती है तो वह उसी दवा को आंख में डालता है। कई आई ड्राप में स्टेरायड मिला होता है, जिसकी जानकारी न तो मरीज को होती है और न ही बेचने वाले को।कहा कि आंख में आई फ्लू या मोतियाबिंद की तकलीफ हो तो डाक्टर से बिना पूछे आंख में दवा न डालें। इस अवसर पर संस्थान की ओर से चश्मा वितरित किया गया। ग्रामप्रधान मोहनलाल गुप्ता ने चिकित्सक आलोक, उनके सहयोगियों व मरीजों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रबड़ यादव, मुमताज अंसारी, अंकुर यादव, अरविंद यादव, इसरायल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शामली में मायके और ससुराल पक्ष में मारपीटःमारपीट में 6 लोग घायल

**संवाददाता**

**शामली ।** विवाहिता की ससुराल में पहुंचे मायके वालों और ससुराल पक्ष के लोगों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कांधला हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां से कुछ लोगों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान डॉक्टर ने मीडिया कर्मियों के साथ बदसलूकी की तो पुलिसकर्मी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मूक दर्शक बने रहे। मामला कांधला कस्बे का है। कांधला में सलमा और सिवा नाम की दो बहने हैं जो जोगिया खेड़ा की रहने वाली हैं। जिनकी शादी कांधला के मोहल्ला खेल में गुलबाज और सुल्तान के साथ हुई थी। जिन्होंने करीब 5 बजे अपने घर पर सूचना देकर बताया कि उनके साथ मारपीट हो रही है। परिजन करीब डेढ दर्जन लोगों की संख्या में वहां पहुंचे और बातचीत करने के दौरान उनके मायके वालों और ससुराल पक्ष के बीच में लाठी-डंडे और तेज धारदार हथियार चले।

# सबकी समस्या का समाधान करने को सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री



**संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की हर समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा। गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का किया शुभारंभ






**संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा जनपद गाजियाबाद के युवा पर्यटन क्लब का स्थानीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में पांच शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को स्थानीय शैक्षिक भ्रमण कराने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। उक्त पर्यटन क्लब के छात्र- छात्राओं को नवयुग मार्केट, बलिदान पथ, दुर्गा भाभी चौक, दूधेश्वरनाथ मंदिर, जवाहर गेट, भगत सिंह सर्किल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क एवं शहीद स्मारक स्थल का भ्रमण कराया गया।

उक्त आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता एवं रुचि को बढ़ावा देना है। शुभारंभ के मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमति शुभांगी शुक्ला, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विकास, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

संक्षिप्त डायरी

## साढ़े तीन करोड़ की फर्जी तरीके से लोन लेकर ठगी के मामले में सीबीआई ने चार्जशीट पेश की

### (सीबीआई कोर्ट में चलेगा मुकदमा)



**संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वादी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने गांधीनगर स्थित प्लाट नंबर 102 गांधीनगर , गाजियाबाद को खरीदने के लिए सुनील कुमार व जगत सिंह से संपर्क किया था।श्री बांके बिहारी एसोसिएट्स के पार्टनर जगत सिंह, गिरिराज अग्रवाल, व अतुल मित्तल, जिन्होंने अपनी तरफ से जगत सिंह को श्री बाके बिहारी एसोसिएटस की तरफ से रजिस्ट्री करने का अधिकार दे रखा था।जगत सिंह एवं सुनील कुमार ने उनको उपरोक्त प्लॉट दिखाया और झांसे में लेकर उपरोक्त की रजिस्ट्री वादी के पक्ष में निष्पादित की गई जिसका स्वामित्व प्लॉट पर नरेंद्र शर्मा का है बाद में पता चला की फर्जी तरीके से उपरोक्त प्रॉपर्टी को बैंक प्रबंधक , बैंक कर्मचारी एवं आरोपियों ने प्रॉपर्टी को बंधक बना रखा है। जो कि सरासर जालसाजी की गई वादी ने उपरोक्त कार्य पर कार्यवाही हेतु पुलिस से संपर्क कर कागजात पुलिस को सौंप दिया।तथा मामला कोर्ट में गया जिसमें जांच करके प्रॉपर्टी का जालसाजी बैंक फ्रॉड बाजी का केस सामने आया अब कोर्ट ने उसमें चार्जसीट करते हुए तेरह लोगों को आरोपी बनाया और उत्तर प्रदेश सरकार ने सीबीआई को उपरोक्त पर संज्ञान लेखन आरोपियों के खिलाफ केस चलाने की सिफारिश की और अब केस सीबीआई कोर्ट में चलेगा श्री नरेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्हें कोर्ट से पूर्ण उम्मीद है तथा आरोपियों को सीबीआई सजा दिलवा कर ही रहेगी और सबको जेल भेजा जाएगा। आरोपियों में सबके नाम इस प्रकार हैं रामनाथ मिश्रा ,दीपक कालरा ,सूरज कालरा , राजरानी कालरा,अनिल कुमार शर्मा ,रमेश चंद्र , लक्ष्य तंवर ,जगत सिंह ,सुनील कुमार, वरुण त्यागी , अनीता शर्मा आदि प्रमुख रूप से संलिप्त है और इनमें से कुछ जेल में हैं ।

## अमेरिकी प्रोफेसर टिम ने पत्नी संग भगवान बुद्ध को चढ़ाया चीवर



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** अमेरिका निवासी प्रोफेसर टिम ने अपनी पत्नी श्रीमती टिम के साथ शांति, अहिंसा व करुणा के उपदेशक तथागत बुद्ध का दर्शन कर चीवर चढ़ाया और उन्हें नमन किया। बीते सप्ताह अमेरिका के पेंसिल्वेनिया विश्विद्यालय के प्रोफेसर टिम ने अपनी पत्नी श्रीमती टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर आये। वह कुशीनगर के दर्शन व इतिहास विषय में गहन अध्ययन कर रहे हैं। टिम दम्पति ने अनुसंधान निर्देशक कुशीनगर विपश्यना केंद्र डा0 अभय कुमार राय 'समाज शास्त्री ' के साथ महापरिनिर्वाण मन्दिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया व बुद्ध की शिक्षाओं व उनके जीवन से जुड़ी जानकारी डा0 राय से प्राप्त की। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गाईड का भी काम करने वाले समाजशास्त्री डा0 राय ने प्रो0 टिम को कुशीनगर के राष्ट्रीय धरोहरों, पुरावशेष, पुरातात्विक धरोहरों, मल्ल गणराज्य, बुद्ध के निर्वाण प्राप्त करने, उनकी लेटी प्रतिमा की भिन्न मुद्रा आदि के बारे में जहां जानकारी दी। वहीं बुद्ध स्थली के पर्यटकीय महत्व की भी जानकारी दी।

## मेरठ सड़क हादसे में किशोर की मौत

**मेरठ ।** बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक किशोर वंश बालियान उम्र 18 साल की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वंश अपने घर का इकलौता बेटा था। बहन की शादी के मंडप बुकिंग के लिए बाइक से जा रहा था। तभी कंकरखेड़ा फ्लाईओवर के पास उसकी बाइक अचानक सेना के ट्रक के नीचे आ गई। रोड एक्सीडेंट में मौके पर ही वंश की मौत हो गई। मृतक वंश बालियान की बहन की हाल में ही शादी होना है। वंश बहन की शादी की तैयारियों में लगा हुआ था। लेकिन बहन की शादी से पहले ही यह हादसा हो गया। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि वंश की बाइक सेना के ट्रक के नीचे आ गई। सदर बाजार पुलिस जांच कर रही है कि सेना के ट्रक से हादसा हुआ या फिर किसी अन्य वाहन ने टक्कर मारी है। मेरठ में टीपीनगर थाना क्षेत्र के रोहटा रोड स्थित पीर वाली गली निवासी राजेंद्र बालियान की बेटी की अगले महीने शादी है। शादी को लेकर बुकिंग आदि के काम के लिए उनका बेटा वंश बालियान बाइक से शहर आया था।

# केदारनाथ सिंह की स्मृति में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 6 - 8 अक्टूबर को



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** ज्ञानपीठ सहित अनेक राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हिन्दी के महत्वपूर्ण कवि केदारनाथ सिंह की स्मृति में प्रेमचंद साहित्य संस्थान और उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के तत्वावधान में कुशीनगर जनपद में 6 - 8 अक्टूबर को तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस संगोष्ठी ओ कविता पाठ कार्यक्रम में देश के जाने माने लेखक व कवि भागीदारी करेंगे। यह जानकारी प्रेमचंद साहित्य संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सदानन्द शाही ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि कवि केदारनाथ सिंह का कुशीनगर से बहुत गहरा रिश्ता रहा है। वे लम्बे समय तक न केवल इस जनपद में रहे हैं बल्कि उनकी कविताओं का जीवन द्रव्य भी बहुत कुछ कुशीनगर जनपद से आता है। बुद्ध और कुशीनगर जनपद उनकी कविताओं की प्रेरणा भूमि भी रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कुशीनगर जनपद के तीन प्रमुख नगरों रामकोला, पडरौना और कुशीनगर में "केदारनाथ सिंह की कविताओं में जनपद और जनपदीय संस्कृति" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस तीन दिवसीय संगोष्ठी में हिन्दी कविता,जनपद और जनपदीय संस्कृति, केदारनाथ सिंह की कविता का जनपद, केदारनाथ सिंह की कविता का लोक, केदारनाथ सिंह की कविता में बुद्ध, केदारनाथ सिंह की कविता में कबीर आदि बिंदुओं पर विचार किया जाएगा। प्रो शाही ने बताया कि रामकोला में शिवदुलारी देवी दलडपट शाही महिला महाविद्यालय में 6 अक्टूबर को दिन में दो बजे उद्घाटन होगा। दूसरे दिन यानी 7 अक्टूबर को केदारनाथ सिंह के अपने कालेज उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना में प्रातः 10 बजे से संवाद सत्र आयोजित है। तीसरे दिन 8 अक्टूबर को बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के संयोजन में राजकीय बौद्ध संग्रहालय में केदार नाथ सिंह की कविता में बुद्ध और बुद्ध की धरती पर कविता का आयोजन प्रातः दस बजे हो रहा है। प्रो शाही ने नामवर सिंह के कथन कि केदार ने अपनी पीढ़ी को शब्द दिए हैं‐ के हवाले से कहा कि शब्द कभी भी शब्द मात्र नहीं होते, शब्द के साथ होती है एक पूरी परम्परा, एक पूरी मानसिकता, जीवन के अनुभव ज्ञान, पूरी की पूरी संस्कृति और एक पूरा जीवन। केदारनाथ सिंह की कविता यह जीवन वहीं जनपदीय जीवन है। जिसके गुणसूत्र कुशीनगर जनपद और समूचे भोजपुरी अंचल से जुड़े हैं।प्रेमचंद साहित्य संस्थान के अध्यक्ष प्रो रामदेव शुक्ल के संरक्षण में हो रहे। इस आयोजन में जाने माने लेखक व कवि उदय प्रकाश, कवि अष्टभुजा शुक्ल, वरिष्ठ लोचक अवधेश प्रधान, कवि स्वप्निल श्रीवास्तव, सुभाष राय, प्रकाश उदय, के सत्य नारायण, अनिल कुमार सिंह, पंकज चतुर्वेदी, राजेश कुमार मल्ल, निरंजन सहाय, मधुप कुमार, रविनन्दन, निर्मला तोदी, अरुण आदित्य, सुशीला पूरी, निशांत, आशीष मिश्र, अर्पण कुमार, अदनान कफील दरवेश, विहाग वैभव, सुश्री अनुपम सिंह, चाहत अन्वी, डॉ. वंदना शाही, डॉ. अमिता दुबे आदि कई विद्वतजन शिरकत करेंगे। प्रो शाही ने कुशीनगर जनपद के सभी सजग नागरिकों/ साहित्य समाज से कार्यक्रम में शामिल होने और सहयोग करने की अपील की है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 6 अक्टूबर 2023 अपरान्ह 2 बजे एसडीडीएस विमेंस कालेज, रामकोला में उद्घाटन उदय प्रकाश व अध्यक्षता प्रो. रामदेव शुक्ल करेंगे। जबकि मुख्य वक्ता प्रो. अवधेश प्रधान मुख्य अतिथि के सत्यनारायण संयोजन डॉ वन्दना शाही करेंगी।।7 अक्टूबर 2023 को उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पडरौना, कुशीनग में संवाद सत्र प्रथम प्रातः 10 बजे से 'जनपद के केदार ‐ की।अध्यक्षता प्रेमचन्द सिंह, वीणा श्रीवास्तव श्री प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. रंजना जायसवाल, राकेश श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिंह, शुभनारायण शर्मा, सीबी सिंह, डॉ. भानु प्रताप व अन्य वक्ता होंगे। अपराह्न 2:30 बजे संवाद सत्र द्वितीय की अध्यक्षता प्रो. अनिल कुमार राय, प्रो. प्रभाकर सिंह, प्रो. दीपक त्यागी, प्रो. रघुवंश मणि, प्रो. नलिन रंजन सिंह, प्रो. अनिल त्रिपाठी, देवेन्द्र आर्य श्री कपिल देव, डॉ. विवेक सिंह रामनरेश राम व अन्य वक्ता होंगे जबकि संयोजन डॉ अनूप पटेल द्वारा होगा। 8 अक्टूबर 2023 को राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर संवाद सत्र तृतीय में प्रातः 10 बजे 'केदारनाथ सिंह की कविता में बुद्ध' की अध्यक्षता अवधेश प्रधान व वक्तव्य डॉ. बृजराज कुमार सिंह, आशीष मिश्र का होगा। बुद्ध की धरती पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवि अष्टभुजा शुक्ल, स्वप्निल श्रीवास्तव, सुभाष राय, प्रकाश उदय, के सत्य नारायण, अनिल कुमार सिंह, राजेश कुमार मल्ल, रविनन्दन, निर्मला तोदी, अरुण आदित्य, सुशीला पूरी, निशांत, अर्पण कुमार, अदनान कफील दरवेश / विहाग वैभव, अनुपम सिंह,चाहत अन्वी, अंशुप्रिया, डॉ. वंदना शाही, डॉ. अमिता दुबे, सदानन्द शाही व अन्य कविता पाठ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदय प्रकाश व संयोजन डॉ गौरव तिवारी करेंगे।

# संजय सिंह पर कार्रवाई से भड़के केजरीवाल, कहा-इनका हताश प्रयास, भाजपा नेता बोले- सीएम के इशारे पर घोटाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापा मारा। यह तलाशी शराब घोटाला मामले में हो रही है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह के यहां छापेमारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है। आप समेत कई अन्य दलों के नेताओं के बयान सामने आ रही हैं। वहीं संजय सिंह के पिता ने भी मीडिया के सामने बयान दिया है। ईडी कार्रवाई पर बयानबाजी तेज हो गई है। जहां पहले सीएम ने इस मामले पर बयान दिया तो वहीं भाजपा ने पीसी कर आप पार्टी को घेरा है। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने प्रेम कॉन्फ्रेंस की और इस पूरे प्रकरण में सीएम अरविंद केजरीवाल को घेरा। वहीं दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

**छापेमारी पर संजय सिंह के पिता बोले...**

आप सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर




उनके पिता ने कहा कि विभाग अपना काम कर रहा है। हम उनका सहयोग करेंगे। मैं उस समय का इंतजार करूंगा जब उन्हें मंजूरी मिलेगी।

**सीएम केजरीवाल ने भाजपा पर कसा तंज**

शराब नीति मामले में ईडी की कार्रवाई पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके घर पर कुछ भी नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि साल 2024 के चुनाव आ रहे हैं। वे जानते हैं कि वे हार जाएंगे। ये उनके हताश प्रयास हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे। ईडी, सीबीआई जैसी सभी एजेंसियां एक्टिंग हो जाएंगी।

**ईडी की कार्रवाई पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला की टिप्पणी**

प्रवर्तन निदेशालय की टीम द्वारा आज सुबह आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आप का मतलब है और अधिक पाप। पूनावाला ने कहा कि शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी के बुरे कृत्य दिन-ब-दिन सामने आ रहे हैं। शराब घोटाला मामले पर रिपोर्ट कार्ड देने के बजाय वे पीड़ित होने का कार्ड खेल रहे हैं।

## आप प्रवक्ता का ईडी की आड़ में अडानी पर निशाना

**नई दिल्ली।** ईडी की छापेमारी पर आप प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि ईडी की छापेमारी संजय सिंह के अडानी मुद्दे और उनकी कंपनी में निवेश किए गए काले धन के बारे में मुखर रहने का नतीजा है। न तो उन्हें पहले कुछ मिला, न ही अब कुछ मिलेगा। हममें से कोई भी नहीं डरता।

## ईडी की रेड पर बोले वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि उन्होंने इस शराब नीति के जरिए करोड़ों कमाए। आज जांच एजेंसी ने छापेमारी की है। इस मामले में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और उनके कट्टर ईमानदार नेताओं के चेहरे बेकनाब होंगे। इन्होंने दिल्ली की जनता को लूटा है। चार्जशीट में पहले से संजय सिंह का नाम था।

## प्रियंका चतुर्वेदी का मोदी सरकार पर तंज

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर लिखा कि एनडीए में बीजेपी के एकमात्र आश्रित सहयोगी ईडी, आईटी, सीबीआई हैं। इन एजेंसियों के लिए अपनी विश्वसनीयता को कम करने और उन लोगों के लिए एक उपकरण बनने के लिए यह कितनी बड़ी गिरावट है। संजय सिंह के घर पर की जा रही छापेमारी की निंदा की और कहा कि विपक्ष को डराया और धमकाया जा रहा है।

## शराब घोटाले में संजय सिंह पर आरोप

**नई दिल्ली।** ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे।

आगे बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली चुनाव से पहले धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया था। इस साल मई में ईडी ने सिंह के करीबी सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि ईडी ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घरों पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है।

## गोपाल राय बोले- आज तक एक चवन्नी नहीं मिली

**नई दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले 15 महिनों से ईडी, सीबीआई की जांच, छापेमारी चल रही है। मेरे ख्याल से पूरे देश भर में 1,000 से अधिक छापेमारी हो चुकी है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। लेकिन आज तक एक चवन्नी नहीं मिली।



यह इस बात का संकेत दे रहा है कि भाजपा और प्रधानमंत्री अगला चुनाव हार रहे हैं। सारी रिपोर्ट इसका संकेत दे रही हैं। हार की बौखलाहट है जिसमें आज संजय सिंह के यहां छापेमारी हो रही है। कल जिस तरह से पत्रकारों पर हुआ वह भी इसका संकेत दे रहा है कि किसी तरह से जो भी सत्ता के खिलाफ आवाज है उसको डरा-धमका कर छापे मारकर चुप करा दिया जाए। मुझे लगता है कि यह राजनीति लोकतंत्र के खिलाफ है। भाजपा को जनता पर भरोसा होना चाहिए। एजेंसियों का दुरुपयोग कर, लोगों की आवाज बंदकर आप चुनाव जीतेंगे ऐसा इतिहास कभी नहीं बताता।

## संजय सिंह पर ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेता का बयान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर जोर-जबरदस्ती, दमन, भय और आतंक का माहौल पत्रकारों के खिलाफ और उन नेताओं के खिलाफ कायम करना चाहती है, जो विरोधी दल के हैं। विशेषकर जो इंडिया गठबंधन से जुड़े हुए हैं। संजय सिंह पर हो रही कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

## मंत्री आतिशी बोलीं- लोकसभा चुनाव हार रही भाजपा

**नई दिल्ली।**आप सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले 15 महीने से इस तथाकथित शराब घोटाले में सीबीआई-ईडी जांच कर रही है। लेकिन अभी तक 1 रुपए का भ्रष्टाचार केंद्र सरकार और उनकी सारी एजेंसियां न साबित कर पाई हैं। न ही कोई सबूत मिला है। यह दिखाता है कि भाजपा को आप से डर लगता है और पीएम मोदी को पता है कि वे लोकसभा चुनाव हार रहे हैं।

**संजय सिंह पर ईडी की कार्रवाई को लेकर बोले सौरभ भारद्वाज**

ईडी की कार्रवाई पर दिल्ली मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि काल्पनिक घोटाला है। यह एक ऐसा फर्जी घोटाला है। जिसकी जांच पिछले 15 महीनों से चल रही है। ईडी और सीबीआई ने कम से कम 1000 जगहों पर छापेमारी की है। लेकिन कहीं से 1 रुपया भी बरामद नहीं हुआ है। उन्हें कुछ भी नहीं मिलेगा।

## मेयर शैली ओबेरॉय को मिली विदेश जाने की अनुमति, दिल्ली हाईकोर्ट ने किया याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन की यात्रा करने और एक सम्मेलन में भाग लेने की मेयर शैली ओबेरॉय को राजनीतिक मंजूरी मिल गई है।

ओबेरॉय की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता गौतम नारायण ने न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद को सूचित किया कि याचिका दाखिल होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा विदेश जाने की राजनीतिक मंजूरी मिल गई है। अधिवक्ता के बयान को नोट करते हुए अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया।

**याचिका दायर की थी जल्द सुनवाई की मांग**

याचिका दायर कर शैली ओबेरॉय ने तर्क दिया था कि उन्हें नौ अक्टूबर को यात्रा करनी है, ऐसे में मामले पर जल्द सुनवाई की आवश्यकता है। मुख्य पीठ ने तर्क को स्वीकार करते हुए मामले को बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

शैली की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा था कि केंद्र



सरकार ब्रिस्बेन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनीतिक मंजूरी नहीं दे रही है। याचिका के अनुसार ओबेरॉय ने ब्रिस्बेन में 11 से 13 अक्टूबर बीच एशिया पेसिफिक सिटीज समिट और मेयर फोरम में भाग लेने की अनुमति मांगी है। जो 11 से 13 अक्टूबर के बीच होने वाला है।पिछले सप्ताह इसी की तरह की मांग को लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी अदालत का रुख किया था और याचिका पर सुनवाई से पहले ही केंद्र सरकार ने उन्हें यात्रा की राजनीतिक मंजूरी दे दी थी।

**हाई कोर्ट के समक्ष लंबित है कैलाश गहलोत की याचिका**

वहीं, राजनीतिक मंजूरी से जुड़े प्रविधान को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की एक याचिका हाई कोर्ट के समक्ष लंबित है। इसके तहत उन्होंने मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के मंत्रियों को विदेश यात्राओं के लिए केंद्र से राजनीतिक मंजूरी लेने की अनिवार्यता को चुनौती दी गई है।

गहलोत ने यह याचिका पिछले साल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 31 जुलाई से सात अगस्त 2022 तक एक सम्मेलन के लिए सिंगापुर की यात्रा की अनुमति नहीं दिए जाने पर दायर की थी।

## दिल्ली-एनसीआर में 200 पिस्टल सप्लाई: दो तस्कर महिलाएं गिरफ्तार, बेचने पर मिलती थी अच्छी रकम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले महिलाओं के गैंग का स्पेशल सेल ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नाजिमपुरा, भूड़, बुलंदशहर, यूपी निवासी चंचल और गांव अनहेड़ा, अगौता, बुलंदशहर, निवासी विकांशा के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 10 पिस्टल बरामद की गई है।

पूछताछ के दौरान दोनों महिलाओं ने बताया कि वह विकांशा के मामा सोनू चौधरी के आदेश पर मध्य प्रदेश के खारगोन से हथियार दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई कर रही थीं। पिछले दो सालों से वह 200 से अधिक पिस्टल यहां सप्लाई कर चुकी हैं। हर ट्रिप के बाद उनको अच्छी रकम मिल जाती थी। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

स्पेशल सेल के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि उनकी टीम को



लगातार सूचना मिली रही थी कि दिल्ली-एनसीआर के बदमाश मध्य प्रदेश के हथियार सप्लायरों से पिस्टल और तमंचे खरीद रहे हैं। सूचना मिलने के बाद इनकी जानकारी जुटाना शुरू की गई।

पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार, एसीपी अत्तर सिंह व इंस्पेक्टर शिवकुमार समेत अन्यों की टीम ने जांच शुरू की। इस दौरान एक अक्तूबर को टीम को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश के खारगोन से हथियार लाकर सप्लाई करने वाली दो महिलाएं रात के समय एमबी रोड-सूरजकुंड के पास आने वाली हैं। फौरन महिला पुलिस कर्मियों के साथ एक टीम का गठन कर दिया। बाद में दोनों को दबोच लिया गया।

## प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को पुलिस रिमांड पर भेजा, लीगल टीम ने किया कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश से पैसे लेकर चीन के लिए प्रचार करने के आरोप में ऑनलाइन समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक पर कार्रवाई की। जिसके बाद दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया। आज कोर्ट ने इन दोनों पत्रकारों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के बाद कहा कि स्पेशल सेल में दर्ज यूएपीए मामले के संबंध में तलाशी की गई। जब्ती और हिरासत के संबंध में अब तक दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस रिमांड पर भेजे जाने के बाद न्यूज क्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ ने अपनी कानूनी टीम के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) की आपूर्ति



के लिए दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट का रुख किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर शीघ्र ही आवेदन पर सुनवाई करेंगी। पुलिस ने आगे कहा कि परिसर में कुल 37 पुरुष संदिग्धों से पूछताछ की गई है। जिसमें से 9 महिला संदिग्धों से उनके रहने के स्थानों पर पूछताछ की गई है। इसके अलावा डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों को जब्त किया गया। पुलिस की विशेष शाखा ने वेबसाइट के दफ्तर को सील कर दिया। इससे जुड़े पत्रकारों के 30 ठिकानों पर छापे मारे और उनमें से कुछ के मोबाइल, लैपटॉप समेत अन्य डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त कर लिए।

## दिल्ली में सबसे बड़ी चोरी : दिल्ली पुलिस को मास्टरमाइंड लोकेश की 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को लोकेश श्रीवास की ट्रांजिट रिमांड मिल गई है, जिसे पिछले दिनों राष्ट्रीय राजधानी में हुई सनसनीखेज चोरी के मामले में छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। इस शख्स ने एक ज्वेलरी शोरूम में सेंधमारी कर 20 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के आभूषण चुराकर छत्तीसगढ़ भाग गया था।



हजरत निजामुद्दीन पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र रघुवंशी ने आरोपी की औपचारिक गिरफ्तारी और ट्रांजिट रिमांड के लिए एक आवेदन दायर किया। एक अधिकारी ने कहा, आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायपुर के सामने पेश किया गया और अदालत ने लोकेश की 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड दिल्ली पुलिस को दे दी। अधिकारी ने कहा, कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पंचनामा के बाद मामले की संपत्ति भी जांच अधिकारी जितेंद्र रघुवंशी को सौंप दी जाएगी। पुलिस टीम के लोकेश के साथ बुधवार को दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है।

लोकेश श्रीवास (31) उर्फ गोलू को पिछले महीने उमराव सिंह ज्वैलर्स से सोने और हीरे के आभूषणों की चोरी में कथित संलिप्तता के लिए भिलाई से पकड़ा गया था। शुरुआती जांच से पता चला है कि उसने 18 घंटे में पूरे ऑपरेशन को अकेले ही अंजाम दिया।

उसने 23 सितंबर की रात लगभग 10:45 बजे स्टोर में प्रवेश किया और अगले दिन 24 सितंबर की शाम करीब 5 बजे बाहर निकला। सोमवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए दुकान मालिक को मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पर दीवार में सेंध दिखी और सारे गहने गायब थे।

## भूकंप के झटकों ने मंत्री नंदगोपाल नंदी की समीक्षा बैठक में डाला व्यवधान, बोले -बड़े बकाएदारों पर शासन सख्त, आरसी होगी जारी

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने सभी बड़े बकायेदारों को आरसी जारी कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि किसी भी अफसर या कर्मचारी को गलत करने की छूट नहीं है। अगर कोई गलती करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी जब अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे उसी समय अचानक भूकंप आ गया। इसके बाद अधिकारियों में भगदड़ मच गई। नंदी सुरक्षा घेरे में हाईटेक दफ्तर से नीचे आ गए और मैदान में आकर खड़े हो गए। भूकंप के झटके आने की वजह से पूरे प्राधिकरण में खलबली मच गई।भूकंप की वजह से कुछ समय के लिए समीक्षा बैठक में व्यवधान उत्पन्न हो गया।

औद्योगिक विकास मंत्री की समीक्षा बैठक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में हुई। समीक्षा बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ पुलकित खरे, एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी और ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव समेत सभी विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

मंत्री ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने निवेशकों के साथ जल्द ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करने की जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में करीब 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश कराने के साथ अपनी




सहभागिता की तैयारी कर रहा है। समीक्षा बैठक में कंप्लीशन और फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करने में अनावश्यक देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए अनावश्क आपत्ति लगाकर कार्यों को विलंब करने की प्रवृति से बाहर निकलने की हिदायत दी।

शहर के रखरखाव कार्यों को और बेहतर करने के निर्देश दिए। खासतौर पर ग्रीनरी और सड़कों के किनारे लगी ग्रिल को दुरुस्त करने को कहा है। औद्योगिक विकास मंत्री ने पानी के बड़े बकाएदारों को नोटिस जारी कर रिकवरी तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगाजल परियोजना की भी समीक्षा की और सभी सेक्टरों तक गंगाजल शीघ्र पहुंचाने को कहा। इस दौरान उन्होंने हर माह की पांच तारीख तक विभागवार कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने औद्योगिक निवेश के लिए किसानों से जमीन खरीदकर उसे विकसित करने की गति बढ़ाने को कहा है। मंत्री ने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश के मुकुट हैं। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में दो बड़े आयोजन मोटो जीपी और ट्रेड फेयर संपन्न हुए हैं। विश्व स्तर पर दोनों शहरों की पहचान है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हर जगह निवेश का माहौल बना है। लॉ एंड आर्डर की व्यवस्था सुधरने से उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

## दिल्ली एनसीआर में सक्रिय तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 12 मोटरसाइकिले बरामद

**नई दिल्ली।** नोएडा। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में दो पहिया वाहन चुराने वाले एक गैंग के तीन शातिर वाहन चोरों को थाना बीटा-दो पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 12 मोटरसाइकिलें बरामद की है।

अभियुक्तगण रेकी करके दो पहिया वाहनों को मास्टर चाबी से लॉक खोलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस इनके और साथियों की तलाश कर रही है।

अपर पुलिस उपायुक्त अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गस्त पर निकली थाना बीटा-दो पुलिस ने एक सूचना के आधार पर तीन शातिर वाहन चोरों कर्म सिह उर्फ बबलू भाटी पुत्र महेश चन्द, राहुल पुत्र महेन्द्र तथा कुनाल



पुत्र चमन को लेबर चौक अल्फा-2 थाना क्षेत्र बीटा-2 से गिरफ्तार किया है।उन्होंने बताया कि बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की गई 12 मोटरसाइकिल, तीन फर्जी नंबर प्लेट, दो मास्टर चाबी आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तगण रेकी करके दो पहिया वाहनों को मास्टर चाबी से लॉक खोलकर चोरी करते हैं एवं चोरी किये गये वाहनों पर धोखा देने की नियत से फर्जी नम्बर प्लेट लगा देते हैं।

# मिटी विश्वविद्यालय में खो खो और शतरंज के रोमांचक मुकाबले

संवाददाता

**दिल्ली।** दिल्ली प्रेस क्लब में हुई आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति ग्वालियर के गुर्जर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र भाटी ने मध्यप्रदेश के शासन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि फूलबाग मैदान, ग्वालियर (मध्यप्रदेश में 25 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारी द्वारा गुर्जरों पर किए गए तानाशाही रवैया जातिवादी मानसिकता और पुलिसिया उत्पीड़न आंसू गैस के गोले, रबड़ की गोलिया, लाठी डंडो से बुजुगों पर हमाला, गाड़ियों में तोड़ फोड़ के खिलाफ गुर्जर समाज करेगा आंदोलन। पुलिस प्रशासन का तानाशाही रवैया का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि बहन बेटियों की गिरफ्तारी कर उन्हें थानों में बेइज्जत किया जा रहा है । उनके साथ जाति की जा रही है। पुलिस प्रशासन बे कसूर लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उनसे अवैध वसूली कर रहा है। युवाओं के खिलाफ मामले दर्ज कर भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। मध्य प्रदेश सरकार इस तानाशाही रवैया को तुरंत बंद करें` हम अपनी मां बहनों की अपने समाज की बेज्जती बर्दास्त नही करेंगे। प्रशासनिक गुंडागर्दी और तानाशाही चरम पर है समाज के शांतिपूर्ण अंहिसात्मक आंदोलन को अंग्रेजी शासन की भांति दमन और जलियावाला बाग नर संहार की भांति निहत्थे युवाओं पर बंदूक ताने खड़े पुलिसकर्मियों को वायरल वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक गुर्जरों का शोषण उत्पीड़न चरम पर हैं ऐसे में राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति




ग्वालियर के गुर्जर समाज के साथ खड़ी है। यदि जल्द ही ग्वालियर प्रशासन और मध्यप्रदेश सरकार ने बेगुनाह लोगों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमें खत्म नहीं किये, अवैध उगाही और उत्पीड़न के लिए की जा रही छापे मारी तो तुरंत बंद करें और गिरफ्तार लोगों को रिहा नहीं किया तो हम 12 अक्टूबर को देश के विभिन्न प्रांतों से आये हजारों गुर्जर ग्वालियर में लाखों की संख्या में जेल भरो आंदोलन करेंगे और अगर जरूरत पड़ी तो अन्य प्रदेशों के गुर्जर भी जेल भरो आंदोलन करेंगे। अगर इस दौरान कोई अनहोनी घटती होती हैं तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार व मध्य प्रदेश प्रशासन की होगी।राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति ने ग्वालियर के गुर्जर समाज के लिए सरकार से प्रमुख मांगें रखी है कि 1. गुर्जर समाज के लोग अपनी विभिन्न माँगो को लेकर जो 25 सितंबर को महापंचायत कर रहे थे उन पर लगायी गई रासुका फजी मुकदमे व जिन पर इनाम घोषित किए गए हैं उन्हें वापस किया जाएं, 2. ग्वालियर चौराहे पर से गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की टीन हटायी जाए क्योंकि यह गुर्जर सम्राट मिहिर भोज देश के करोड़ों लोगों की आस्था का विषय है सरकार के पास सारे सबूत पुरातत्व विभाग में मौजूद हैं, 3. मध्य प्रदेश के भिंड में बोरेशर मंदिर से हटाया गया गुर्जर प्रतिहार शासको का बोर्ड पुनः लगाया जाए, 4. निर्दोष आकाश गुर्जर का फजी एनकाउंटर होने पर उनके परिवार को न्याय तथा आर्थिक मदद दी जाए, 5. जहाँ जहाँ ऐतिहासिक इमारतों से गुर्जर शब्द हटाया गया है वहाँ वह पुणः लिखा जाए, 6. भारतीय सेना में गुर्जर रेजीमेंट की स्थापना की जाए, 7. ग्वालियर में थानों का राजपूती करण बंद किया जाए, 8. गुर्जर समाज को संख्या के आधार पर राजनीति में प्रतिनिधित्व दिए जाएं।

## अवैध रूप से हिरासत में रखने का मामला दर्ज

संवाददाता



**नोएडा, ।** बीटा-दो थाना क्षेत्र में विधि स्नातक (एलएलबी) के एक दलित छात्र की शिकायत पर तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 10 पुलिस कर्मियों के खिलाफ उससे मारपीट करने तथा अवैध रूप से हिरासत में रखने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अलीगढ़ जिला निवासी एलएलबी के छात्र जितेंद्र उर्फ जीतू के खिलाफ एक महिला ने उसके स्पा सेंटर में आकर ब्लैकमेल करने तथा रंगदारी वसूलने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। प्रवक्ता ने बताया कि जमानत पर आने के बाद जीतू ने पुलिस पर उसे अवैध रूप से हिरासत में रखने और उसके साथ मारपीट करने तथा उसे जबरन मूत्र पिलाने का आरोप लगाया। छात्र ने बताया कि उसने अपने मोबाइल फोन के हिडन (गुप्त) कैमरे से घटना की तस्वीरें ले लीं। उन्होंने बताया कि छात्र की शिकायत पर बीटा-दो के तत्कालीन थाना प्रभारी अनिल राजपूत, एच्क्षर चौक के तत्कालीन चौकी प्रभारी अनुज कुमार राणा, परी चौक के चौकी प्रभारी देवेंद्र राठी सहित 10 पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि छात्र काफी दिनों से पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग कर रहा था। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से परेशान छात्र लखनऊ पहुंचा तथा आत्मदाह करने की कोशिश की। उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार के आला अधिकारी हरकत में आए तथा उनके आदेश पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ बीटा-दो थाने में मारपीट तथा अवैध रूप से हिरासत में रखने सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## प्रोफेसर विनोद नागर को बृज लोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी द्वारा अलंकृत किया गया


UDYAM- UP- 01- 0040520 (भारत सरकार द्वारा पंजीकृत) पंजी. नं.30/2022-23

CERTIFICATE

महात्मा गांधी शान्ति रत्न सम्मान

डॉ. विनोद नागर

को राष्ट्र, समाज, शिक्षा, शोध, साहित्य, कला, संस्कृति, खेल, चिकित्सा, योग, आयुर्वेद आदि क्षेत्रों में गौरवपूर्ण सेवा हेतु राष्ट्रीय स्तर पर सहर्ष प्रदान किया जाता है।

प्रमाण संख्या- G/41/23
दिनांक- 02/10/2023
स्थान- फतेहाबाद (आगरा)

डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा
मुख्य अध्यक्ष

बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी (रजि.)

**गौतमबुद्धनगर।** 2 अक्टूबर गांधी जन्म जयंती के शुभ अवसर पर ब्रज लोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सम्मानित तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे समाजसेवी लोगों को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें महात्मा गांधी शांति रतन सम्मान प्रोफेसर विनोद नागर जी को सम्मानित किया गया महात्मा गांधी शांति रत्न सम्मान समाज में कार्य कर रहे राष्ट्र का गौरव और वैभवशाली ऐतिहासिक लोगों को दिया जाता है यह जनपद गौतम बुद्ध नगर क्षेत्र के लिए का प्रतीक के माना जा रहा है महात्मा गांधी शांति रत्न सम्मान जनपद गौतम बुध नगर में दिया गया इस अवसर पर संस्था के सदस्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी लोग उपस्थित रहे।

## हैकथॉन टेक्नोथ्राइव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया

संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) में बी.टेक सीएसई विभाग के छात्र अमन गुप्ता, शशांक कुमार और प्रार्थना अग्रवाल की टीम कोड़ (सी.ओ.डी.ई.) ने राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन टेक्नोथ्राइव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। आयोजन समिति ने कॉलिज की टीम को ट्रॉफी और २ लाख रुपए के नगद




पुरस्कार से सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में आईआईटी और एनआईटी सहित देश भर से 1300 से अधिक कॉलेजों के 8 हजार से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। यह कार्यक्रम ग्राहक-केंद्रित और परिवर्तनकारी वैश्विक आईटी के समाधान पर आधारित था जिसका यश टेक्नोलॉजीज द्वारा आयोजन किया गया। टीम की इस उपलब्धि पर जीएल बजाज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## किसानों और वैज्ञानिकों के लिए एक साथ एक साँझे मंच का आयोजन

संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर गलगोटिया यूनिवर्सिटी और कृषि विज्ञान केन्द्र ज़िला गौत्तम बुद्ध नगर ने संयुक्त रूप से किसानों के साथ कृषि में नए नवाचारों पर चर्चा करने के लिए कनारसा-कनारसी गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया।कृषि विज्ञान केन्द्र ज़िला गौत्तम बुद्ध नगर के प्रमुख, डॉ. मयंक राय ने कहा कि पहली बार एक निजी विश्वविद्यालय, गलगोटियास विश्वविद्यालय ने विकास के लिए एक गांव को गोद लिया है और छात्रों, किसानों और वैज्ञानिकों के लिए एक साथ एक साँझे मंच का आयोजन किया। यह अपने आप में बहुत ही अद्भुत और अभूतपूर्व है। ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान और किसानों ने गलगोटिया



विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की तह दिल से सराहना की। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा० के० मल्लिकार्जुन बाबू ने कहा कि गोद लिए गए गांव में गलगोटियाज विश्वविद्यालय का कृषि विद्यालय खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में काम करेगा, न्यूनतम पर्यावरणीय गिरावट के साथ आरामदायक जीवन जीने के लिए सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए किसानों का समर्थन करेगा।विश्वविद्यालय के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने कहा कि आज की इस किसान गोष्ठी का आयोजन भविष्य में कृषि के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि आज इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण बात ये थी कि कृषि वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और किसानों को एक साथ एक मंच पर एकत्रित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इससे किसानों को गुणवत्ता पूर्ण पैदावार उगाने में सहायता मिलेगी। और अच्छी फसल का लाभ भी मिलेगा।विश्वविद्यालय की डायरेक्टर सुश्री आराधना गलगोटिया ने कहा कि इस किसान गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक विषय पर विस्तार से चर्चा करके विद्यार्थियों और किसानों को बताया कि रबी की फसलों की लाभकारी खेती के लिये फसलों का चुनाव, वैज्ञानिक तकनीक, समस्याओं के समाधान, कृषि अवशेषों का लाभकारी प्रयोग किस प्रकार से करना है जिससे उन्नत कि स्म की फसलों की पैदावार की जा सके।

संक्षिप्त डायरी

## मिटी विश्वविद्यालय में खो खो और शतरंज के रोमांचक मुकाबले



संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे रहे एमिटी अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता ह्यह्यसंगठन 2023ह्लह्ल के अंर्तगत आज छात्र व छात्राओं के खो खो प्रतियोगिता और शतरंज प्रतियोगिता के प्रथम रांउड मैच के मुकाबले का आयोजन किया गया। छात्राओं के खो खों प्रतियोगिता का मैच एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की टीम और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी की टीम के मध्य खेला गया जिसमें मैच के प्रथम भाग में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की टीम ने 31 अंक हासिल किये और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी की टीम कुछ भी स्कोर नही कर पाई। इस तरह मैच के द्वितीय भाग में दोनो टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दोनो का स्कोर 0 रहा। मैच के अंत में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की टीम ने खो खो मैच 31 -0 से जीत लिया।शतरंज के छात्राओं के मुकाबले के अंर्तगत प्रथम राउंड के मैचों का आयोजन किया गया जिसके प्रथम मैच एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ सोशियल सांइस की टीम और एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम के मध्य हुआ जिससें दोनो टीमों का स्कोर 2 - 2 की बराबरी पर रहा। इसके उपरांत बेस्ट प्लेयर मैच में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ सोशियल सांइस की टीम ने यह मैच 1- 0 से जीत लिया इस तरह एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ सोशियल सांइस की टीम का कुल स्कोर 3 और एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम का स्कोर 2 रहा। छात्राओं के शतरंज के मुकाबले में एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम और एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस के मध्य हुआ जिसमें एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम 4 - 0 से विजयी रहा। तृतीय मुकाबला एमिटी स्कूल ऑफ इकोनॉमी की टीम और एमिटी बिजनेस स्कूल की टीम के मध्य हुआ जिसे एमिटी बिजनेस स्कूल की टीम 3 - 0 से जीत लिया।विजेता टीमों को संस्थापक दिवस पर 26 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा।

## ड्राई डे पर अवैध रूप से देसी और महंगे ब्रांड की शराब बेचते चार तस्कर गिरफ्तार



**नोएडा, ।** ड्राई डे के दिन देसी और विदेशी मदिरा को अवैध तरीके से बेचने वाले चार तस्करों को आबकारी विभाग और पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया है। इन तस्करों के पास से देसी शराब मिस इंडिया से लेकर रेड लेबल, जॉनी वॉकर और एब्सलूट वोडका पकड़ी गई है। नोएडा में आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों पर छापामारी करके देसी और विदेशी महंगे ब्रांड की शराब बरामद की। इन मामलों में 4 लोगों की गिरफ्तारी की गई। ये सभी दो अक्टूबर को ड्राइ डे होने के चलते महंगे दाम पर अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। पुलिस और आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि नोएडा की झुग्गियों में अवैध रूप से शराब लाई जा रही है। जानकारी मिलते ही आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 ने सेक्टर-5 की झुग्गियों में थाना फेज-1 के साथ मिलकर दबिश दी। वहां से एक आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 148 मिस इंडिया ब्रांड की 200 एमएल की बोतल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बरामद अवैध शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 एवं थाना जेवर के साथ संयुक्त रूप अभियान चलाकर धनसिया प्याऊ के पास से सतेन्द्र पुत्र मुकुटपाल के कब्जे से 200 एमएल की 45 बोतल, करीब नौ लीटर फार सेल इन यूपी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को थाना जेवर से मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चंद ने दबिश देकर थाना बिसरख स्थित गैलेक्सी ब्लू सफायर प्लाजा के पास से माजिद और अंकित कुमार को एक स्कूटी में से जॉनी वॉकर, रेड लेबल ब्रांड की 6 बोतलें फॉर सेल इन हरियाणा 750 एमएल के साथ पकड़ा। शाहबेरी स्थित उनके फ्लैट की तलाशी लेने पर जॉनी वॉकर रेड लेबल ब्रांड विदेशी मदिरा की 6 बोतल फॉर सेल इन हरियाणा की मिली।

# जिम्स, एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को शव शपथ दिलाई

संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** पूरे वैज्ञानिक समुदाय में शवों का उपयोग कई अलग-अलग पहलुओं में किया जाता है। शवों के उपयोग का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्होंने विज्ञान को मानव शरीर की शारीरिक रचना से संबंधित विशाल मात्रा में जानकारी प्रदान की है। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के एनाटॉमी विभाग ने 03.010.2023 को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को शव शपथ दिलाई। शव को किसी भी मेडिकल छात्र का पहला शिक्षक माना जाता है। कैडवेरिक शपथ एक प्रतिज्ञा है जो एक मेडिकल छात्र विच्छेदन हॉल में शव को छूने से पहले लेता है; शपथ में शव के साथ उचित व्यवहार करने, आत्मा को श्रद्धांजलि देने और युवा चिकित्सकों के मन में सहानुभूति के विचार को स्थापित करने पर जोर दिया गया है। इस शपथ लेने के बाद दान की गई मानव शवों पर विच्छेदन (व्यावहारिक कक्षाएं) शुरू होती हैं। किसी भी एमबीबीएस छात्र के लिए अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत में इस समारोह का हिस्सा बनना गर्व और विशेषाधिकार का क्षण है। समारोह का आयोजन निदेशक, डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में किया गया,





जिसमें शरीर रचना विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. रंजना वर्मा, वरिष्ठ संकाय सदस्य, डॉ. पी.एस. मित्तल, डॉ. सी.डी. शामिल थे। त्रिपाठी, डॉ. भारती भंडारी राठौड़, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. इजेन भट्टाचार्य और एनाटॉमी विभाग के सभी संकाय और कर्मचारी। शपथ निदेशक, जीआईएमएस द्वारा दिलाई गई, जिसके बाद शवों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। .

# दुकानों के आगे से नहीं हटे कब्जे तो चला पीला पंजा



**चरखी दादरी।** प्रशासनिक अधिकारियों की बार-बार चेतावनी के बावजूद शहर में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे किए अवैध कब्जे नहीं हटाए। अब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अभय यादव की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ दादरी शहर के मुख्य बाजार में अवैध कब्जों को धवस्त कर दिया। इस दौरान टीम के साथ दुकानदारों की झड़प भी हुई। टीम ने सीधे रूप से दुकानदारों को चेतावनी दी कि अवैध कब्जे हटा लें, टीम की कार्रवाई जारी रहेगी और कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। दादरी शहर के मुख्य बाजार में अवैध कब्जों की भरमार देखते हुए डीसी मनदीप कौर ने पिछले दिनों कार्यभार संभालते ही दुकानदारों व व्यापारियों के साथ मीटिंग कर दुकानों के बाहर रोड पर बनाए निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। इस बारे में डीसी ने नगर परिषद व पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा था। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा नगर परिषद व पुलिस की टीम ने दादरी शहर के बाजार में कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जों के साथ-साथ कई दुकानों पर जेसीबी चलाते हुए उन्हें ध्वस्त कर दिया गया। दुकानदारों ने टीम की कार्रवाई का विरोध भी किया और उनकी टीम से झड़प भी हुई। दुकानदार विपिन ने कहा कि दुकान के दस्तावेज दिखाने के बाद भी जेसीबी से उसकी दुकान को तोड़ दिया गया। जिसके चलते लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह यादव ने बताया कि अवैध निर्माण व कब्जों को हटाने बारे कई बार दुकानदारों व व्यापारियों को अवगत करवाया गया।

# शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम के प्रवर्तन दल ने बाजारों का किया दौरा





**करनाल।** शहर की व्यस्त सडकों व बाजारों से अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर मंगलवार को नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल ने बाजारों का दौरा किया। दुकान से बाहर सामान रख ब्रिकी करने वाले दुकानदारों को अंतिम अवसर देते छोड़ा और उनके सामान को अंदर करवाया। दुकानदारों को चेतावनी दी कि बुधवार से दुकान के बाहर सामान रखा मिला, तो उसे नगर निगम अपने कब्जे में ले लेगा तथा जुर्माना भी लगाया जाएगा, जिसके लिए दुकानदार स्वयं जिम्मेवार होंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि निगम की ओर से दुकानदारों को जानकारी देने के मकसद से शहर में पिछले सप्ताह मुनादी भी करवाई गई थी, जिसमें चालू सप्ताह से दुकानों के आगे रखा सामान जब्त करने व जुर्माना लगाने बारे कहा गया था। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अंतिम चेतावनी देकर दुकानदारों को छोड़ा गया है, परंतु बुधवार से अतिक्रमण कर रही दुकानों का सामान अवश्य जब्त किया जाएगा। उन्हें किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम की यह कार्रवाई शहर को अतिक्रमण मुक्त करने तक जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे दुकानदारों का चालान भी अवश्य किया जाएगा। जो दुकानदार चालान राशि जमा नहीं करवाएगा, उसके सम्पत्ति कर बिल में जुर्माना राशि जोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि दुकानदारों के अतिरिक्त रेहड़ी-फड़ी वालों को भी चेतावनी दी गई है कि वह सड़क से पीछे हटकर खड़े हों। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल के द्वारा शहर की क्लब मार्किट, पुराना बस स्टैण्ड रोड, महर्षि वाल्मिकी चैक, कर्ण गेट बाजार, सराफा बाजार, नेहरू पैलेस मार्किट तथा कुंजपुरा रोड मार्किट का दौरा किया गया है।

निगमायुक्त ने बताया कि बाजारों में लोगों का आवागमन ज्यादा रहता है और ग्राहकों की भीड़ भी बनी रहती है। ऐसे में दुकानदार अपनी हद से आगे सामान को न रखें, ताकि अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों से अपील करते कहा कि वह शहर की ट्रफिक व्यवस्था व साफ-सफाई बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने वाहन चालकों से भी पुनः अपील करते कहा कि वे अपने वाहनों को ओल्ड सब्जी मण्ड़ी, ओल्ड एम.सी. बिल्डिंग, जरनैली कोठी क्षेत्र व राम लीला ग्राउण्ड में बनाई गई पार्किंग में ही अपने वाहन पार्क करें, सडकों पर वाहन खड़ा ना करें।

दौरे में मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, संदीप कुमार व ऊषा रानी, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार व गुलाब सिंह तथा उनकी टीम उपस्थित रही।

# महान शख्सियतों को मिला शहीद भगत सिंह लीडरशिप अवार्ड



**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा शहीद भगत सिंह जयंती पर लीडरशिप अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन करनाल में किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री सेलिब्रिटी गेस्ट, शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह विशेष अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह व नेशनल चेयरमैन विजय गुप्ता, नेशनल चीफ प्रवीण कुमार बंसल अति विशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एसपी चौहान, उद्यमी गुरजीत सिंह, समाजसेविका अनीता भरद्वाज,समाजसेवी जसबीर सिंह ने शिरकत की। फाउंडर व नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, इस अवसर पर भाग्यश्री ने अपने मनमोहक अंदाज से सब का दिल जीता, शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत संधू ने शहीद भगत सिंह की यादें ताज़ा की। भाग्यश्री द्वारा लीडरशिप अवार्ड से विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतों सावी चौधरी, पायल मित्तल, विशाल काठ, गौरव गाबा, रवि शर्मा, पंकज गर्ग, ईशा चौधरी, सुनील गगनेजा, शैली शर्मा, शैलजा गुप्ता, हरप्रीत कौर देओल, सुखदेव सिंह, गुंजन भटनागर, परमशिवम नटराजन, डॉ धरणी नरसिम्हार, शुभलक्ष बंसल, रविंदर कौर, मोनिका चौधरी, राजेंदर कुमार, राजेश खन्ना, आमिर हमजा, सुमित पुजाना, फिरदौस, बिक्रम चौधरी, अजय गुप्ता, मुकेश सैन, नीलम ठाकुर, भूपाल सिंह, बबीता शर्मा, राकेश मक्कर, नमना अहलावत, गगनदीप मल्होत्रा, शशि शर्मा, गोपीचंद, सुगंती देवी, राजीव, रेखा राणा, नितिन गर्ग, दीपक गर्ग, विकास जैन, पवन शर्मा, डॉ जाकिर सईद, समर्पण बाबू, कनुप्रिया, सुमन सूद, राजीव गगनेजा, आश्रय चौरसिआ, गौरव गुप्ता, कमलप्रीत कौर को सम्मानित किया।

# अलवर से खरीदी चोरी की बाइक रेवाड़ी में पकड़ी, दो गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** एंटी व्हीकल थेप्ट टीम ने राजस्थान के अलवर से चोरी हुई बाइक को बरामद कर मामले में दो आरोपियों नैचाना के संजोग कुमार उर्फ संजू व जिला अलवर के गांव सोनाब की डूंगरी के आकाश जोगी को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट टीम को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक के साथ गांव खंडोड़ा से भाड़ावास आ रहा है। पुलिस ने तुरंत गांव सुलखा के पास नाकाबंदी की। इस दौरान गांव नैचाना के संजोग कुमार से बाइक के कागजात मांगे तो वह पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने इंजन व चेसिस नंबर के आधार पर पता लगाया तो बाइक जिला अलवर के शहर थाना क्षेत्र से चोरी हुई पाई गई।

# आगामी 1 नवम्बर को सोनीपत में होगा ढुल खाप का वार्षिक सम्मेलन : इंद्र पाई

**कैथल**–ढुल खाप के प्रधान हरपाल सिंह की अध्यक्षता में खाप कार्य समिति की बैठक का आयोजन जींद के गांव इक्कस में हुआ। बैठक में सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान हर वर्ष की भांति इस बार भी होने वाले ढुल खाप सम्मेलन को कामयाब करने बारे विचार-विमर्श किया गया। खाप के प्रदेश प्रवक्ता इंद्र पाई ने बातचीत में बताया कि इस वर्ष सम्मेलन का आयोजन 1 नवंबर 2023 दिन बुधवार को जिला सोनीपत के गांव भोला में होगा। आज की बैठक में अधिकतर वक्ताओं ने अपने समाज के बच्चों को शिक्षित एवं संस्कारी बनाने की तरफ जोर देने का आह्वान किया और बच्चों को नशाखोरी से दूर रखकर पढ़ाई के बाद रोजगार की तरफ बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन पर ज्यादा खर्च न हो, सम्मेलन को मीटिंग का रूप देकर सामाजिक समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जा सकता है। खाप के प्रदेश प्रधान हरपाल सिंह ने कहा कि ढुल खाप की कार्य समिति में राजबीर सिंह दिल्ली एवं छज्जा सिंह कुरड़ी (मोहाली) पंजाब को शामिल किया जाए ताकि इन दोनों के अनुभव से ढुल खाप अच्छा कदम उठा सके और ढुल समाज के किसी भी गांव से अच्छे व्यक्तित्व के धनी लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाए। आज की बैठक में उपस्थित धर्मबीर सिंह ढुल पाढा ने राजनीति को लेकर विचार रखे और कहा कि जहां भी हमारे किसी भाई को राजनीति में ढुल समाज की जरूरत पड़े तो हमें उसका खुला समर्थन करना चाहिए, उनके इस सुझाव का उपस्थित लोगों ने समर्थन किया। आज की बैठक में पूर्व विधायक परमिंद्र सिंह ढुल, इंद्र ढुल पाई प्रदेश प्रवक्ता ढुल खाप, मास्टर धर्मवीर सिंह




भाणा सचिव, कृष्ण सरपंच रमाना, फूल सिंह सरपंच सेरधा, राजेश कुमार सरपंच बढ़सीकरी, पालाराम सरपंच फरीबाद, नरेश सरपंच प्रतिनिधि पाई, करण सिंह मुंढाल, रणवीर सिंह फोकरी खेड़ी, विजय ढुल खावा, ईश्वर सिंह हरसौला, भरथु राम खेड़ा रामराय, राममेहर सिंह रामराय, कृष्ण कुमार बलवंती, जगबीर सिंह बांढाहेड़ी, मास्टर चंद्रभान पाई, शास्त्री भगवतीपुर और अन्य गणमान्य मौजूद रहे। वीरभान इक्कस ने सभी पदाधिकारी का गांव में पहुंचने पर स्वागत और आभार व्यक्त किया।

# वाचनाचार्य मनोहर मुनि जी युगांतरकारी महापुरुष थे-महासाध्वी प्रमिला

**करनाल।** राष्ट्र संत वरिष्ठ उपाध्याय वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज प्रखर वक्ता, अनुपम साहित्यकार, अनूठे समाजसुधारक तथा समाज कल्याण हेतु अनेक रचनात्मक ठोस प्रकल्पों द्वारा वर्तमान के साथ भविष्य की पीढ़ी का उज्जवल जीवन सुनिश्चित करने वाले युगांतरकारी महापुरुष थे। उनकी आठवीं पुण्य स्मृति जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए तपोनिष्ठ शांतिमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में कहा कि महापुरुष जाति, वर्ग, संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर मानव मात्र के शाश्वत एवं स्थाई हित के लिए सर्वात्मना समर्पित रहते हैं। उन्होंने लगभग संपूर्ण भारतवर्ष की पदयात्रा कर मानव मात्र को व्यसनों से बचाकर सभी का कल्याण किया। उनकी चरण शरण में आकर सभी को आत्म शांति का अनुभव होता था। उनकी प्रवचन शैली सभी को मंत्रमुग्ध कर जीवन जीने की कला का बोध देती थी। उनके उपदेश दार्शनिक होते हुए भी सहज एवं सुबोध थे। बड़े से बड़ा सम्मान पाकर भी उनकी विनम्रता तथा अनासक्ति अद्भुत थी। उन्होंने सिर्फ ज्ञान की आराधना कर उसमें विशेष प्रगति मात्र ही नहीं की थी बल्कि उसे आत्मसात् भी किया था। उनकी दूरगामी दृष्टि के जीवंत उदाहरण के रूप में अनेक धर्मकेंद्र, साधनास्थल, विद्यालय तथा चिकित्सालय वर्तमान समय में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर तीर्थस्थल आराधना मंदिर के बाहर कढ़ी - चावल, आलू - पूरी, हलवे का विशाल भंडारा लगाया गया जिसमें



सैंकड़ों यात्रियों ने प्रसाद ग्रहण किया। अनिल प्रकाश अग्रवाल- रेनू अग्रवाल ( प्रकाश राइस मिल) ने लंगर सेवा का लाभ लिया। श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल में निशुल्क परामर्श, जांच तथा उपचार सेवा का सौजन्य गौरव गोयल ( एस.जी. एग्रो ) की ओर से रहा। काफी संख्या में गुरु भक्त इस मौके पर गुरुभक्ति का परिचय देते हुए उपस्थित रहे।

# जनता की समस्याओं का उनके द्वार पर ही हो रहा है समाधान - पंवार



**करनाल।** राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने मंगलवार को इंद्री व नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में आमजन के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किये। इस दौरान उन्होंने नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के दादुपुर, बडलावा तथा इंद्री विधानसभा क्षेत्र के रैतखाना, धानोखेड़ी व कलरी जागीर गांव में जन संवाद कार्यक्रमों में जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर सबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे तय समय सीमा में इन समस्याओं का निवारण कर मुझे व वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवायेंगे। इस दौरान राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी मंत्री व सांसद आमजन के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता में सरकार की जनकल्याण योजनाओं के प्रति हौसला और उमंग दिखाई पड़ता है, ऐसे में निश्चित तौर पर केन्द्र व हरियाणा में तीसरी बार भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही हैं। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भाजपा की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनहित में कार्य कर रही है। हाल में हुई जी- 20 की बैठक की मेजबानी से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने देश ने दुनियाभर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इसी कड़ी में सुरक्षा की दृष्टि से आज कोई दुश्मन देश भारत की तरफ देख भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि केन्द्र की सरकार ने देशभर में 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हर घर को गैस कनेक्शन देने के साथ- साथ प्रदेश को कैरोसिन मुक्त भी करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत व्यक्ति की हादसे के दौरान मृत्यु पर परिवार को दो लाख रुपये की राशि और घायल होने पर योजना के अनुसार एक लाख रुपये की राशि दी जाती है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत गरीब लोगों को व्यापार करने हेतु योजना अनुसार 10 हजार रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। इस अवसर पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के, क्षेत्रवाद व भ्रष्टचार मुक्त नीति के साथ समान भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने सांसद से अपने विधानसभा क्षेत्र में कन्या कॉलेज के भी माँग की। उन्होंने कहा कि इंद्री विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जायेगी। आज केन्द्र व प्रदेश सरकार बेहतर तालमेल के साथ जनहित कार्य कर रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के प्रति अपनी विशेष सहानुभूति रखते हैं। जन संवाद कार्यक्रमों में सांसद कृष्ण लाल पंवार के सामने उपरोक्त सभी गांवों के सरपंचों ने अपने- अपने गांव से सबंधित मूलभूत सुविधाओं के लिए अपने मांग पत्र रखें, जिस पर सांसद ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों को कल ही मुख्यमंत्री के पास भेज दिया जायेगा और तय समय सीमा में ही इनका निवारण कर दिया जायेगा।

इस अवसर पर नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, भाजपा नेत्री मीना चैहान, तहसीलदार नीलोखेड़ी विनीता जागलान सहित तमाम विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्थानीय निकाय मंत्री द्वारा स्वच्छता में शानदार सेवाएं देने के लिए 23 शख्सियतें सम्मानित

**चंडीगढ़**–मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य को साफ़-सुथरा बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। यह बात स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने स्वच्छता में शानदार योगदान देने वाली 23 शख्सियतों को सम्मानित करने के अवसर पर कही।

आज यहाँ म्युनिसिपल भवन में समागम की शुरुआत में स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह और पी.एम.आई.डी.सी की सी.ई.ओ. दीप्ति उप्पल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत ज़िला मोहाली के अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों और शहरी स्थानीय संस्थाओं के चुनिंदे सफ़ाई मित्रों, कम्युनिटी फैसीलीटेटरों, सैनेटरी इंस्पेक्टरों, जूनियर इंजीनियरों को प्रशंसा पत्र दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अच्छा प्रदर्शन करने वाली 23 शख्सियतों को सम्मानित किया गया।

सफ़ाई मित्रों ने घर-घर जाकर अलग किए गए कूड़े को एकत्र करने और कूड़े को अलग करने और एम.आर.एफ में कूड़े की प्रोसेसिंग करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने और कम्युनिटी फैसिलीटेटरों को कूड़े को अलग करने और मैटीरियल रिकवरी के सही काम-काज को सुनिश्चित बनाने के लिए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है।



स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने आगे कहा कि सैनेटरी इंस्पेक्टरों को श्री आनन्दपुर साहिब में होला महल्ला और फरीदकोट में 'बाबा जी फ़रीद आगमन' में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने में शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। जूनियर इंजीनियरों को अति-आधुनिक ठोस अवशेष प्रबंधन सुविधाओं को डिज़ाइन करने और बनाने में उनके बेमिसाल काम के लिए सराहना की गई।

इसके अलावा अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों को सस्टेनेबिलिटी लीडर्ज़ प्रोग्राम में हिस्सा लेने और शहरी स्थानीय संस्थाओं को शहरों को साफ़-सुथरे, और अधिक कुशलता से प्रबंधित स्थानों में बदलने के सामूहिक प्रयासों के लिए प्रशंसा प्राप्त की। इसी तरह ही कैबिनेट मंत्री ने राज्य के अंदर चार फायर सर्विस यूनिटों को भी बढिय़ा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

विजेताओं को समाज के कल्याण के लिए उनके योगदान की महत्ता पर ज़ोर देते हुए बलकार सिंह ने अपने शानदार काम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्होंने अन्यों को भी इस मुहिम से जुडऩे की अपील की, जिससे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के सपनों वाला 'रंगला पंजाब' सृजन किया जा सके।

इस अवसर पर पी.एम.आई.डी.सी की सी.ई.ओ. दीप्ति उप्पल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए स्वच्छता में अपनी शानदार सेवाएं जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और अन्य शहरी स्थानीय इकाईयों को भी इस मुहिम में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने की अपील की।

# आईजीयू के वाणिज्य विभाग का पहला छात्र मिलन समारोह 6 अक्टूबर को



**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के वाणिज्य विभाग से एमकॉम, एमकॉम ऑनर्स एवं पीएचडी की डिग्री ले चुके पूर्व छात्रों को आगामी 6 अक्टूबर 2023 को एक बार फिर से एक छत के नीचे एकत्रित होने का अवसर प्राप्त होगा। वाणिज्य विभाग इस दिन अपना पहला पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित करने जा रहा है। ये पूर्व छात्र न केवल अपने सहपाठियों से मिल सकेंगे बल्कि अपने अध्यापकों एवं वर्तमान छात्रों के बीच अपने अनुभव भी साझा कर सकेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. अदिति शर्मा ने कहा कि यह अनुभव अपने आप में अवर्णनीय होता है और अक्सर छात्रों को इसकी प्रतीक्षा रहती है। हमारे कुलपति प्रो. जयप्रकाश यादव एवं कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार की तरफ से हमें यह कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति मिली है जिसके लिए हम उनका धन्यवाद करते है। साथ ही इस दिन को यादगार बनाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। इस दिन अनुभव चर्चा एवं स्मृतियों के आदान-प्रदान के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई है।

# अपनी बेटी से ही संपूर्ण परिवार बनाने वाले परिवारों को ललिता मेमोरियल अस्पताल ने किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** बेटी से संपूर्ण परिवार योजना के तहत ललिता मेमोरियल अस्पताल में ऐसे परिवारों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी बेटी से ही संपूर्ण परिवार बना लिया है। इस कार्यक्रम में जिले के ऐसे 50 से अधिक अभिभावकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने एक या दो बेटी को ही अपना संपूर्ण परिवार मानते हुए परिवार नियोजित कर लिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र यादव ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं है, बेटियां अपने परिवार का सम्मान बढ़ाती है। खेलों में भी लड़कियों ने विशेष योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी की सोच में परिवर्तन आने लगा है और बेटियों को बेटों से ज्यादा बेहतर मानते हुए अब भेदभाव बहुत हद तक खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवार लड़कों पर ज्यादा निगरानी करता है बजाए लड़कियों के। उनके साथ ही बतौर मुख्य अतिथि जिला कंज्यूमर आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार खंडूजा ने बताया कि



उनके भी दो बेटियां हैं और उन्होंने भी अपने परिवार को संपूर्ण परिवार माना है। उन्होंने अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि दो बेटियों के जन्म से ही उनके करियर में खुशियां आई थी। उन्होंने कहा कि समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान डॉक्टरों की एक अहम पहल है। ऐसे परिवारों को विशेष कंसेशन पर चिकित्सा लाभ देकर देकर लड़कियों के प्रति परिवार को सम्मान प्रदान कर रहे हैं। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्होंने जिले के सभी चिकित्सा एवं अस्पताल का विशेष आभार व्यक्त किया कि इस मुहिम में ऐसे परिवारों को विशेष लाभ देकर सम्मानित किया जाना अपने आप में विशेष योगदान है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ललित मेमोरियल अस्पताल के संयोजक डॉक्टर घनश्याम दास मित्तल एवं सीमा मित्तल ने बताया कि उन्होंने ऐसे परिवारों को चिकित्सा के लाभ निजी तौर पर दिलाने के लिए यह पहल आज से 7 साल पहले की थी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ऐसे परिवारों को एक सर्टिफिकेट जारी किया जाता है जिसमें जिले के सभी चिकित्सक ओपीडी का कोई शुल्क ऐसे परिजनों से नहीं लेते हैं, और उन्हें प्राथमिकता देकर इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही ऐसे परिजन जिले के 20 से अधिक अस्पतालों में अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकते हैं, जिसमें 50त्न से लेकर 100त्न तक छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत करीब 50 परिजन लाभ उठा रहे हैं और उनका यह प्रयास सदैव जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉक्टर पीसी सिंगला, डॉक्टर गजेंद्र यादव, डॉ एन एस यादव, डॉक्टर आतिश सिंगला, सिगनस अस्पताल से डॉक्टर सोनिया, संगीता खंडूजा, डॉक्टर अभिनव यादव, डॉक्टर निर्मल यादव,भूपेंद्र संजीता, कुसुम, प्रिंसिपल सुधा , एडवोकेट अश्वनी तिवारी, त्रिलोकचंद तोंगढ़, सुधा गोयल, कुसुम पल्हावासिया, अमरजीत यादव,अशोक यादव आदि शामिल रहे।

जानकारी

# घर पर करें 30 सेकंड में ये 3 टेस्ट, आपको पता चल जाएगा स्वस्थ हैं या बीमार

हम किसी न किसी कारण के नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते तो हम आपको ऐसे टेस्ट के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए आप आसानी से पता लगा सकते हैं कि आप बीमार हैं या स्वस्थ। अधिकतर लोग या कहें हम लोग जब तक बीमार नहीं पड़ते, तब तक किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य जांच नहीं कराते। दरअसल जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है ठीक वैसे हमारी इम्युनिटी कमजोर होने लगती है और हम मौसम बदलने पर बीमार होने लगते हैं। बीमार होने के बाद हम मंहगे-मंहगे टेस्ट कराते हैं तब जाकर बीमारी का पता लगा पाते हैं। डॉक्टर हर दो साल में लोगों को फिजिकल चेकअप कराने की सलाह देते हैं, लेकिन हम सलाह कम मानते हैं और देते ज्यादा हैं। ऐसा करने वाले लोग वर्षों तक अपना मेडिकल टेस्ट नहीं कराते और उनका शरीर रोगों का घर बन जाता है।



अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो किसी न किसी कारण के नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते तो हम आपको ऐसे टेस्ट के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए आप आसानी से पता लगा सकते हैं कि आप बीमार हैं या स्वस्थ। इन टेस्ट को करने में सिर्फ आपको 30 सेकंड ही लगेंगे, लेकिन ध्यान रखें कि सटीक रिपोर्ट के लिए आप मेडिकल जांच ही कराएं।

## हाथों की उंगलियों से जानें स्वास्थ्य

**नाखून की जड़ को दबाएं:** इस टेस्ट को करने के लिए सबसे पहले आप अपने दाहिने अंगूठे और तर्जनी उंगली से अपने किसी भी नाखून की जड़ को दबाएं। ऐसा करते वक्त आप अपने बाएं हाथ की उंगलियों के ऊपरी हिस्से पर दबाव डालें। ऐसा अपने बाए हाथ के अंगूठे से शुरू करें। अंगूठे को 3 से 5 सेकंड तक पकड़कर रखें। अंगूठे के बाद सभी उंगलियों के साथ इस प्रक्रिया को दोहराएं। इस प्रक्रिया को होने के बाद हाथ को देखें। अगर दबाव के बाद आपकी उंगली का ऊपरी हिस्सा दो सेकंड में सफेद से लाल नहीं हुआ तो समझ लीजिए कि आपके शरीर में रक्त प्रवाह पर्याप्त नहीं हो रहा है।

### उंगली के हिसाब से जानें समस्या

**अंगूठा:** अगर आपको अंगूठे का नाखून दबाने से दर्द हो रहा है, तो यह इस बात का संकेत है कि आपको फेफड़ों की समस्या हो सकती है।

**तर्जनी:** तर्जनी उंगली आपकी बड़ी आंत से जुड़ी होती है। अगर आपको इस उंगली को दबाने से दर्द होता है तो यह बड़ी आंत में दिक्कत की ओर संकेत करता है। इसके कारण आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**बीच वाली उंगली और अनामिका:** बीच वाली उंगली और अनामिका में दर्द हृदय संबंधी समस्याओं की ओर इशारा करता है।

**छोटी उंगली:** आपके हाथ की सबसे छोटी उंगली में दर्द आपकी छोटी आंत की परेशानी की ओर संकेत करता है।

### मुट्ठी बनाकर देखें नसें स्वस्थ हैं या नहीं

इस दूसरे टेस्ट को करने के लिए सबसे पहले आप मुट्ठी बना लें। मुट्ठी को 30 सेकंड के बाद खोलें। हाथ खोलने पर आपको आपकी मुट्ठी सफेद दिखाई देगी। हाथ खोलने के तुरंत बाद अगर आपके हाथ का रंग सफेद से लाल होना शुरू हो जाए तो इसका मतलब ये है कि आपकी रक्त वाहिकाएं सही काम कर रही हैं और आप पूरी तरह से स्वस्थ हैं, लेकिन अगर ऐसा होने में वक्त लग रहा है तो आपकी धमनियों में कुछ परेशानी है। दरअसल मुट्ठी बनाने से रक्त वाहिकाओं पर दबाव पड़ता है और रक्त प्रवाह रुक जाता है और जैसी ही आप हाथ खोलते हैं तो आपका रक्त प्रवाह फिर लौटना शुरू हो जाता है।



अगर हम किसी फुटबॉल खिलाड़ी या किसी भी खिलाड़ी को देखते हैं, तो उसकी हृष्ट-पुष्ट जांघ उसके शरीर की मजबूती का प्रतीक मानी जाती है। यह सच है कि मजबूत जांघ, मजबूत और स्वस्थ शरीर का प्रतीक होती है। हम भी योगासनों से जांघों को हृष्ट-पुष्ट बना सकते हैं, किंतु यह प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में होना चाहिए। आइए जानते हैं पांच योगासनों के बारे में जो जांघ मजबूत करते हैं-

# जांघ मजबूत करने के लिए उपयोगी हैं ये आसन

एक बहुत आसान पोज, जो आपकी कमर को राहत देकर आपके कूल्हों और पैरों को वर्कआउट के लिए वार्मअप करता है। इसे ऐसे करें-

- चटाई पर पीठ के बल लेट जाएं।
- प्रत्येक पैर को जांघ के बाहर की ओर से पकड़ें।
- पैरों को बीच में पकड़ें, जहां आर्क है, ज्यादातर लोगों के लिए ज्यादा सुविधाजनक होता है।
- अपने चेहरे की मांसपेशियों को ढीला छोड़ें और लंबी सांस लेकर इस पोज में एक मिनट तक रहें।

### सुप्त बद्ध कोणासन

यह कूल्हों को गतिशील करने के लिए अच्छा पोज है। इस पोज से भी जांघ की अंदरुनी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। एक सावधानी बरतें कि लंबी सांस पर ध्यान केंद्रित करें और आप पाएंगे कि आप पैर ज्यादा खोल पाते हैं और ज्यादा देर तक उस पोज में भी रह सकते हैं।

- चटाई पर पीठ के बल लेट जाएं। अपनी बांहों को बगल में शरीर से 45 डिग्री के कोण पर रखें।
- पैरों को घुटने के पास मोड़ें और पैर के तलुओं को नमस्ते के अंदाज में जोड़ने की कोशिश करें।
- अपनी एड़ियों को ग्रोइन के ज्यादा से ज्यादा पास लाने की कोशिश करें, इस दौरान चेहरे या शरीर में तनाव नहीं होना चाहिए।
- ध्यान रखें आपका सिर सीधा होना चाहिए। आंखों को बंद रखें, यह आपको सुस्ताने में मदद करेगा।
- इस पोज में एक मिनट तक रहें और लंबी गहरी सांसें लेना न भूलें।

### उपविष्ठ कोणासन

बैठने वाली पोजिशन पैर की कुछ मांसपेशियों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। यह खड़े होकर की जाने वाली पोजिशन के लिए भी अच्छी शुरुआत की तरह होती हैं, जिसमें मजबूती, लचीलेपन और संतुलन की दरकार होती है।

- चटाई पर बैठकर पैरों को तीन से चार फीट चौड़ाई तक फैला लें।
- अब अपने हाथों को चटाई पर रखें। अपने हाथों से जितना हो सके आगे जाएं।
- अपने सिर, गर्दन को पीठ की सीध में रखें।
- इस पोज में लंबी सांस लें। आराम से धीरे-धीरे हर सांस के साथ जमीन की ओर झुकते रहें।
- इस पोज में जितनी देर आराम से रह सके रहें, लेकिन एक मिनट से ज्यादा नहीं।
- पोज से बाहर निकलने के लिए हाथों को धीरे-धीरे वापस लाएं।

### परिघासन

- आपकी कमर को बेहतरीन खिंचाव देने के अलावा यह पोज जांघों और ग्रोइन की मांसपेशियों को खोलकर उनका लचीलापन बढ़ाती है।
- चटाई पर घुटनों के बल बैठिए। अपनी एड़ियों को साथ रखें। पैरों की अंगुलियां जमीन पर और पीठ सीधी।
- दाएं पैर को अपनी दाईं ओर जितना हो सके स्ट्रेच करें। घुटना छत की ओर होना चाहिए।
- दाएं पैर के तलुए को जमीन पर रखें।
- अब अपनी दोनों बांहों को सिर के ऊपर ऊठाएं और सीधा रखें।
- धड़ और दाईं बांह को लंबे किए हुए दाएं पैर की तरह झुकाएं।
- दाएं हाथ को दाएं पैर पर रखें। (संभव हो तो दाईं कलाई को दाईं एड़ी पर रखें)
- अपनी हथेली का मुंह छत की तरफ करें।
- अब अपनी बाईं बांह को सिर के ऊपर से दाईं ओर लाएं, जो लोग लंबी अवधि से योगा करते आ रहे हों, वह अपनी बाईं हथेली को दाईं हथेली पर रखने की कोशिश कर सकते हैं। इस पोज में आपका बायां कान आपकी बाईं बांह के ऊपरी हिस्से को छूना चाहिए और दायां कान दाईं बांह के ऊपरी हिस्से को।
- इस पोज में कुछ सांसों तक बने रहिए। (तकरीबन 45 सेकंड तक) उसके बाद शुरुआती पोज में आ जाइए।
- आराम कीजिए और समूची प्रक्रिया को बाईं ओर से दोहराइए।

### उत्थित त्रिकोणासन

- अंत में एक खड़े होकर किया जाने वाला आसन जो पैर की छोटी मांसपेशियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। यह शरीर के संतुलन को भी सुधारता है।
- चटाई पर पैर चौड़े करके खड़े हो जाएं।
- दाएं पैर को दाईं तरफ की दीवार की तरफ मोड़ें।
- संतुलन के लिए बाएं पैर को थोड़ा सा दाईं तरफ मोड़ें।
- बांहों को उठाएं। कंधे की ऊंचाई पर लाएं, जब तक कि वह जमीन के समानांतर न हो जाए।
- कमर से दाईं ओर झुकें और दाईं हथेली को पैर पर या जमीन पर (जो भी सुविधाजनक हो) रख दें।
- बाईं बांह को सिर के ऊपर उठाकर सिर को धीरे से बाएं हाथ की ओर मोड़ें।
- इस पोज में 30 से 45 सैकंड तक रहें।
- पैरों को वापस लाते हुए शुरुआती स्थिति में आ जाएं।
- अब इसे दूसरी ओर दोहराएं।
- हर बार सारे आसनों की समाप्ति के बाद पांच मिनट के लिए शवासन करना चाहिए। पीठ के बल लेट जाइए, आंखें बंद कीजिए, शरीर को ढीला छोड़ दें। सिर सीधा रखें। हर मांसपेशी से तनाव को मुक्त कर दें। पैर से लेकर बांह, कंधे, गर्दन और सिर तक। आंखों को बंद रखें। अब करवट लेकर उठकर बैठ जाएं। हथेलियों को रगड़कर गर्म करें। फिर उन्हें आंखों पर रख दें। हथेलियों को हटाए बगैर आंखों को धीरे-धीरे खोलें। हाथ नीचे करें और दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें।

सेहत

# ज्यादा नमक खाने से पड़ता है दिमाग पर बुरा असर

## याददाश्त ही नहीं बुद्धि भी होती है कमजोर

क्या आप जानते हैं कि अधिक नमक का सेवन करने से दिमाग में खून का प्रवाह 25 फीसदी तक कम हो जाता है? हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि ज्यादा नमक युक्त आहार का सेवन करने से बुद्धिमत्ता में कमी आ सकती है। एक हालिया शोध में यह दावा किया गया है। दिमाग में टाउ प्रोटीन की मात्रा बढ़ने से याददाश्त कमजोर होती है और बुद्धिमत्ता में कमी आ सकती है।



### अल्जाइमर का कारण होता है टाउ प्रोटीन

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने व्यवहारात्मक, सेरिब्रोवस्कुलर और मोलिक्युलर स्तर पर परीक्षण किया। इसमें पाया गया कि ज्यादा नमक का सेवन करने वाले चूहों में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा कम थी जिससे दिमाग में टाउ प्रोटीन की मात्रा ब? गई थी। टाउ का अधिक स्तर अल्जाइमर का कारण माना जाता है।

### *डिमेंशिया का सबसे प्रमुख कारण है नमक*

न्यूयॉर्क स्थित फिल फैमिली ब्रेन एंड माइंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर डॉक्टर गिउसेप्पे फरको इस शोध के प्रमुख शोधकर्ता हैं। इस शोध को जर्नल नेचर न्यूरोसाइंस ट्रस्टेड सोर्सेज में प्रकाशित किया गया है। डॉक्टर फरको ने कहा कि ज्यादा नमक के सेवन और खराब दिमाग की कार्यक्षमता के बीच हमेशा से ही संबंध रहा है और ज्यादा नमक का सेवन करना डिमेंशिया का सबसे प्रमुख कारण है।

### *चूहों पर किया गया अध्ययन*

पूर्व में शोधों में शोधकर्ताओं को पता चला कि ज्यादा नमक के सेवन से चूहों में डिमेंशिया के लक्षण दिखने लगे। नमक ऐसे अणुओं का तेजी से उत्पादन करता है, जिससे शरीर में सूजन आती है। इंटरल्यूकिन-17 अणु दिमाग की कोशिकाएं नाइट्रिक ऑक्साइड बनाना कम कर देती हैं। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करता है और रक्त के प्रवाह में मदद करता है। हालांकि, नाइट्रिक ऑक्साइड की कमी से रक्त का प्रवाह कम हो सकता है।

चूहों पर किए गए अध्ययन में देखा गया कि ज्यादा नमक वाले आहार का सेवन करने से उनमें आईएल-17 का स्तर बढ़ गया और नाइट्रिक ऑक्साइड का स्तर कम हो गया, जिससे दिमाग में खून का प्रवाह 25 फीसदी तक कम हो गया।

### *सोडियम की ज्यादा मात्रा नुकसानदायक*

शोधकर्ता फरको और उनकी टीम का मानना था कि सोडियम की ज्यादा मात्रा दिमाग में हो रहे रक्त प्रवाह को बाधित कर डिमेंशिया के खतरे को बढ़ाती है, लेकिन, शोध के बाद पता चला कि रक्त के प्रवाह की कमी नहीं, बल्कि टाउ प्रोटीन की मात्रा बढ़ने के कारण याददाश्त में कमी आती है।

शोधकर्ताओं ने आठ हफ्ते के चूहों में से कुछ को सामान्य आहार दिया और कुछ को ज्यादा सोडियम वाला आहार दिया। चार से 36 हफ्तों तक चूहों को आहार दिया गया। इसके बाद वैज्ञानिकों के परीक्षण में पाया गया कि ज्यादा नमक का सेवन करने वाले चूहों में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा कम थी, जिससे दिमाग में टाउ प्रोटीन की मात्रा बढ़ गई थी। 04 से 36 हफ्तों तक चूहों को सामान्य और सोडियम वाला आहार दिया गया।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 2966




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 2965 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

□ □ □

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।

□ □ □

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2966



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2965



## सूडोकु -2966

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2965 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली -2966



**बाएँ से दाएँ**

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली -2965 का हल

